माघ कृष्ण पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 290 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
06 अप्रैल 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
36 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

### आज कांग्रेस नेता-कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करने की कोशिशें पुरजोर...

# मिशन 1 लाख:स्थापना दिवस पर खास ज्वाइनिंग डे मना रही भाजपा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज भाजपा अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है और प्रतिद्वंदी कांग्रेस का मनोबल तोड़ने के लिये पूरी ताकत से पूरे सूबे में 'खास सदस्यता अभियान' चल रहा है। मप्र समेत देशभर में कांग्रेस समेत कई अन्य दलों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मप्र में भाजपा ने दावा किया है कि आज एक लाख कांग्रेस नेता कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं इसके लिये जिलों में कार्यक्रम चल रहे हैं। खास बात यह कि सदस्यता अभियान के लिए छिंदवाड़ा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री यादव मौजूद रहेंगे तो इससे पहले आज भाजपा के स्थापना दिवस के चलते मुख्य कार्यक्रम प्रदेश कार्यालय पर हुआ। जहां प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी का ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, भाजपा की न्यू ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक नरोत्तम मिश्रा आदि पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम,वीडी के समक्ष उज्जैन के घट्टिया विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक रामलाल मालवीय भाजपा में शामिल हुए। वहीं मप्र के सभी 64,523 बूथों पर कार्यक्रम हुए। भोपाल में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने भोपाल के बूथ पर पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क किया।



इधर भाजपा का दावा है कि अब तक 20 हजार से अधिक नेताओं-कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलवाई जा चुकी है। इसमें करीब 18 हजार कांग्रेस के ही हैं। आज एक लाख का लक्ष्य रखा गया है। एक दिन में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सदस्यता का यह कीर्तिमान होगा। भाजपा द्वारा स्थापना दिवस मनाने के लिए बूथ स्तर पर बीते कई दिनों से भव्य तैयारी की जा रही है। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने और बूथ विजय पर चर्चा करेंगे। नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि भाजपा में सदस्यता अभियान के कीर्तिमान को वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने की तैयारी है। पार्टी का दावा है कि विश्व में इतनी बड़ी संख्या में अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं का एक साथ भाजपा की सदस्यता लेना किसी कीर्तिमान से कम नहीं होगा।

## मुरैना से सिकरवार,ग्वालियर से पाठक,खंडवा में अरुण के मन की

### कांग्रेस ने शेष तीन उम्मीदवार घोषित किए





**मप्र** में कांग्रेस ने शेष तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने ग्वालियर से पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, खंडवा से नरेंद्र पटेल और मुरैना से सत्यपाल सिंह सिकरवार प्रत्याशी बनाया है। यह तीनों टिकट जातीय समीकरणों व अन्य तकाजों के चलते अटके हुए थे। मुरैना व ग्वालियर में 7 मई और खंडवा में 13 मई को मतदान है। खंडवा में अरूण यादव के मन की हुई है, बताया जाता है कि वे खंडवा से चुनाव लड़ने को पूरी तरह तैयार नहीं थे।

### मप्र कांग्रेस ने बुलाई इंडिया की बैठक



आज सुबह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक बुलाई गई। इसे प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने संबोधित किया। इस मौके पर सपा, माकपा,भाकपा,आम व अन्य दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे। बताया जाता है कि बैठक में सीटवार चर्चा करके उम्मीदवारों को मदद करने की रणनीति तैयार की गई।

## सिसोदिया को नहीं मिली राहत,18 अप्रैल तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली शराब घोटाले के केस में बीते एक साल से जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को फिर झटका लगा है। शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया है और सिसोदिया न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। आपको बता दें कि शुक्रवार को ही मनीष सिसोदिया ने एक पत्र लिखकर अपने क्षेत्रवासियों से कहा था कि वे जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। सिसोदिया दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद हैं. दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के दौरान 207 सीआरपीसी अनुपालन में देरी को लेकर ईडी और आरोपी के बीच बहस हुई. इस दौरान जज ने दस्तावेजों के निरीक्षण में देरी पर दोनों से सवाल पूछे।

### 'मनी ट्रेल भाजपा के खाते में'

आज मंत्री आतिशी ने शराब घोटाले को लेकर भाजपा पर हमला बोला। आतिशी ने कहा, 'पिछले 2 साल से ईडी शराब घोटाले की जांच कर रही है। दो साल से ईडी मामले में मनी ट्रेल ढूंढ रही है। उन्हें (ईडी) आज तक आप के किसी भी नेता के पास मनी ट्रेल का एक रुपया भी नहीं मिला। 21 मार्च 2024 को पहली बार मनी ट्रेल के पुख्ता प्रमाण सामने आए कि किसने पैसे लिए, किसको दिए, कहां दिए और कब दिए। इसके आधार पर भी ईडी ने कुछ नहीं किया क्योंकि यह मनी ट्रेल शराब कारोबारी शरद रेड्डी के खाते से भाजपा के खाते में जा रही है।'

## मोदी दो दिन में दो बार मप्र आएंगे, प्रियंका पहली बार 15 अप्रैल को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जबलपुर आ रहे हैं, जहां वे करीब दो किमी का रोड शो करेंगे। इसके बाद मोदी 9 अप्रैल को फिर मप्र के बालाघाट में सभा करने आ रहे हैं। दोनों सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 15 अप्रैल को विंध्य से मप्र में चुनाव अभियान की शुरूआत कर रही हैं। वे सतना में एक सभा को संबोधित करने पहुंचेंगी। सतना में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान है। यहां विधायक सिध्दार्थ कुशवाह उम्मीदवार हैं। वहीं राहुल गांधी के पहले चरण की सीटों के लिये मप्र पहुंचने की संभावना है, बताते हैं कि उनका दौरा कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है लेकिन वे मंडला या शहडोल में सभा करने आ सकते हैं।



## बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

**कोलकाता , एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में आज सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम पर हमला हो गया। एनआईए अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोट मामले की जांच के लिए पहुंचे थे, तभी उग्र भीड़ ने उनकी कार पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है। एनआईए टीम की ओर से मनबेंद्र जाना और अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। मनबेंद्र जाना को ही गिरफ्तार करने टीम पहुंची थी। दो महीने पहले भी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी टीम पर हमला हुआ था. तब केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी स्थानीय टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने गए थे।



## इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहे ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी- बीच में मत आना

**वॉशिंगटन ।** ईरान, इस्राइल पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। साथ ही ईरान ने अमेरिका से कहा है कि वह बीच में न आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान ने वॉशिंगटन को एक लिखित संदेश भेजा है। इस संदेश में ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका को बीच में नहीं आना चाहिए और नेतन्याहू के जाल में नहीं फंसना चाहिए। दरअसल हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। ईरान ने इसका आरोप इस्राइल पर लगाया है। इसी हमले के जवाब में ईरान, इस्राइल के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

## महिला को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया

**तरनतारन एजेंसी।** प्रेमविवाह को लेकर यहां शर्मनाक मामला सामने आया है। युवक के प्रेम विवाह का खामियाजा उसकी मां को भुगतना पड़ा। खबरों के मुताबिक वल्टोहा की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह करने वाले युवक की मां को अर्धनग्न कर गलियों में दौड़ाया गया। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया तो पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस घटना पर महिला आयोग ने भी रिपोर्ट मांग ली है। पीडित महिला ने कहा कि बेटे ने पड़ोस में रहती युवती के साथ कोर्ट मैरिज की थी। इसी रंजिश के तहत शाम करीब छह बजे आरोपी शरणजीत सिंह उर्फ सन्नी, गुरचरण सिंह, कुलविंदर कौर उर्फ मनी और दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर के बाहर आए और चिल्लाने लगे। जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपियों ने उसकी कमीज फाड़ कर उसे अर्धनग्न कर दिया और गलियों में दौड़ाया।

## बस्तर में तीन नक्सली मुठभेड में ढ़ेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षा बल के लगातार अभियान के तहत छत्तीसगढ़-तेलंगाना बार्डर पर आज मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया गया है। जवानों ने मौके से एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर के नंबी कोर गुट्टा के पहाड़ी व जंगलों में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। तेलंगाना की ग्रे हाउंड और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त एंटी नक्सल आपरेशन की ओर यह कार्रवाई की गई है।

### आज का कार्टून




## दिल्ली में बच्चा चुराने वाले गिरोह की सीबीआई ने की धरपकड़

**नई दिल्ली , एजेंसी।**


मानव तस्करी के मामले में दिल्ली के केशवपुरम इलाके में सीबीआई की ने आज छापेमारी की है। ड के दौरान सीबीआई की टीम ने एक घर से दो नवजात शिशु को बरामद किया है. अभी तक 7-8 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। शुरुआती जांच में मामला नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का लग रहा है। फिलहाल सीबीआई की टीम इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और खरीदने वाले व्यक्ति से पूछताछ भी कर रही है। रेड के दौरान केशव पुरम थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद है। बताया जा रहा है कि मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के लोग अस्पताल से नवजात बच्चों की चोरी करते थे। 7-8 बच्चों को रेस्क्यू करके खरीद फरोख्त करने वाले गिरफ्तार लोगों में अस्पताल के वार्ड बॉय समेत कुछ महिला और पुरुष शामिल हैं।




## गुजरात जा रही बस में रखे थे 1.28 करोड, सवारियों ने कहा-हमारे नहीं, जब्त

**झाबुआ , एजेंसी।**

बीती रात जिले की पिटोल बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक ट्रेवल्स बस से एक करोड़ 28 लाख रुपये नकदी व 17 लाख रुपये के मूल्य की 22 किलो चांदी जब्त की है। इसका कोई भी मालिक सामने नहीं आया है। यह बड़ी रकम व चांदी इंदौर से राजकोट जा रही राहुल ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 जेडएफ 6432 से मिली है। सभी सामग्री एक बैग में रखी हुई थी। पुलिस ने बस में सवार हर सवारी से पूछा लेकिन किसी ने भी नहीं बताया कि यह सामग्री किसकी है। वाहन चालक व अन्य स्टाफ ने भी बैग के बारे में कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया। जब प्रशासनिक कार्रवाई के बाद जब कोई मालिक सामने नहीं आया तो चांदी व नकदी को जिला कोषालय में सुरक्षा के साथ जमा करवा दिया गया।



# कॉलेज प्रवेश की तैयारियां शुरू

# मई में शुरू होगी प्रदेश के 1300 कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया, गाइडलाइन जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश के कॉलेजों में प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार प्रवेश प्रक्रिया में 1300 से अधिक कॉलेजों को शामिल किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया सीट आवंटन से लेकर फीस जमा करने तक पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। कॉलेजों को 16 अप्रैल तक ई-प्रवेश के पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने और 20 अप्रैल तक सत्यापन कराने के आदेश दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। सभी विवि के कुलसचिव और महाविद्यालयों के प्राचार्यो को आदेश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी, अनुदान प्राप्त गैर शासकीय या निजी कॉलेजों को सत्र 2024-25 की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होना है। कॉलेजों को प्रोफाइल में पाठ्यक्रम, फैकल्टी सहित अन्य जानकारी जैसे प्राचार्य संबंधी, स्थान संबंधी, मोबाइल नंबर, बैंक संबंधी जानकारी सहित अन्य जानकारी देनी होगी।




### 20 अप्रैल तक सत्यापन कराने के आदेश दिए

### पिछले साल अंतिम चरण में बढ़ गई थी सीटें की संख्या

पिछले साल निजी महाविद्यालयों ने प्रोफाइल अपडेशन सहित अन्य जानकारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में अपडेट की गई थी, जिससे बाद में सीटों की ब? गई थी। इस कारण इस सत्र में पहले ही सीटें निर्धारित कर ली जाएगी। कॉलेजों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत में ही सभी कॉलेजों के विकल्प मिल सकें।

### बीएड, एमएड के लिए भी गाइड लाइन जारी

सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के बीएड, एमएड, बीपीएड, बीएडएमएड, बीएबीएड, बीएससीबीएड व बीएलएड सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रत्येक महाविद्यालयों को 16 अप्रैल तक पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रोफाइल अपडेट करनी है।

### भोपाल के पुलिस कमिश्नर से रिपोर्ट तलब...

# विद्यानगर में सफेद साड़ी पहने घूम रहीं संदिग्ध महिलाएं, दहशत



भोपाल, दोपहर मेट्रो। मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल के विद्यानगर के ए-सेक्टर कॉलोनी में रात के समय कॉलोनियों के पार्क में सफेद कपड़े पहने महिलाओं के वजह से पूरे इलाके में दहशत फैलने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने जन सुरक्षा के लिए संदिग्ध महिलाओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कॉलोनी वासियों का कहना है कि रात के समय कुछ महिलायें सफेद साड़ी पहने हुए झुला झूलती है और कॉलोनियों में घूम रही है। महिलाये सुने मकानों को अपना निशाना बना रही है। इन महिलाओं के कारण पूरे कॉलोनी में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### इन मामलों में भी जवाब तलब-

**आयोग ने बैरागढ़ इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ उसी के मोहल्ले में रहने वाले एक युवक द्वारा घर में घुसकर चाकू दिखाकर छेड़खानी करने के मामले, भोपाल के शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सामने बने पार्क को मलबा डालकर खत्म करने के मामल, फंदा ब्लॉक के कुठार ग्राम सहित आसपास के 10 अन्य गांवो के किसानों को 35 किमी दूर जाकर अपनी उपज बेचने के लिए मजबूर होने,, बागमुगलिया में स्थित ओवरहेड टैंक को खतरनाक घोषित करने के बाद भी डिस्मेंटल नहीं किये जाने और एक निजी अस्पताल में एक नाबालिग के गर्भपात कराने के मामले में संज्ञान लिया है।**




### लाखों के बकायेदारों के कनेक्शन काटने से परहेज

भोपाल जिले में टैक्स वसूली में नगर निगम द्वारा दोहरा रवैया अपनाया जा रहा है। जिन लोगों को हजारों रुपये का टैक्स बकाया बाकी है, उनके फौरन नल कनेक्शन काट दिये जाते है। वहीं अमराई स्थित एमराल्ड पार्क सिटी कॉलोनी में लोगों के पांच साल से लाखों रुपये से ज्यादा पानी के बिल बकाया है। लेकिन उन पर कोई कार्यवाही या नल कनेक्शन नहीं काटा जा रहा है। मामले आयोग ने आयुक्त, नगर निगम से मामले की जांच कराकर समान परिस्थितियों के लिए समान कार्यवाही अपेक्षित होने से इस सम्बन्ध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

# हमीदिया अस्पताल में हेल्प डेस्क एक बार फिर शुरू, मरीजों को मिलेगी राहत



### व्हीलचेयर स्ट्रेचर के साथ किस फ्लोर पर कौन सा विभाग इसकी जानकारी भी ले सकेंगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी के हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल में हेल्प डेस्क को एक बार फिर से शुरू कर दिया गया है। यहां विभिन्न वार्डों में आने वाले मरीजों को इमरजेंसी नम्बर की सुविधा भी मिलेगी। मरीज यहां से व्हीलचेयर स्ट्रेचर के साथ किस फ्लोर पर कौन सा विभाग है इसकी जानकारी भी ले सकेंगे। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने एक इमरजेंसी नंबर जारी किया है। यह नंबर अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में लगाया जाएगा। इससे यहां आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हे किसी भी जानकारी के लिए परेशान नहीं पड़ेगा। मरीज और उसके परिजन इस नंबर पर दवा, इलाज व सफाई सहित अस्पताल स्टाफ के व्यवहार संबंधी शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे।

### दो अस्पताल मैनेजर सहित कर्मचारी तैनात

हमीदिया अस्पताल की दोनों बिल्डिंग एच-1 और एच-2 में ग्राउंड फ्लोर पर हेल्प डेस्क शुरू की गई है। मरीज की शिकायतों के समाधान के लिए दो अस्पताल मैनेजर सहित अन्य कर्मचारियों को तैनात किया गया है। यह अस्पताल मैनेजर मरीजों की शिकायत मिलते ही यह तत्काल निराकरण करने का प्रयास करेंगे। यही नहीं हेल्प डेस्क पर ही कुछ कर्मचारियों को भी नियुक्त किया गया है, जो वार्ड तक पहुंचने में असमर्थ मरीजों को डॉक्टर या अन्य सुविधा तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में मनाया गया वर्ल्ड ऑटिज्म सप्ताह

# ऑटिज्म के केस लड़कों में चार गुना ज्यादा

**भोपाल।** कोविड के बाद से ऑटिज्म में संख्या बढ़ गई है। ऐसे बच्चे जो ऑटिज्म होते हैं उनमें सोशलिज्म और आई कॉन्टेक्ट कम होता है। यह एक न्यूरो डेवलपमेंटल डिसेबिलिटी है। उन्होंने अपने विचार में यह भी स्पष्ट किया कि 3 वर्ष के बाद ऑटिज्म नहीं होता है। ऑटिस्टिक होने के लक्षण शिशु में 1 वर्ष के बाद ही दिखने लगते हैं। ऑटिज्म के केस लड़कों में चार गुना ज्यादा पाए जाते हैं। ऐसे बच्चे जिन्हें ऑटिज्म है उन बच्चों को बिहेवियरल स्पीच लैंग्वेज थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन के द्वारा कंट्रोल में लाया जा सकता है। यह बात मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के डीएसई विभाग के वरिष्ठ सलाहकार एवं सहायक प्राध्यापक हेमंत सिंह केसवाल ने ऑटिज्म के विषय पर अपने अनुभवों को साझा करते हुए कही। मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वर्ल्ड ऑटिज्म सप्ताह के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी द्वारा की गई एवं कार्यक्रम संयोजक की भूमिका में विवि के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संदीप रजक कमिश्नर निशक्त जनकल्याण मप्र शासन उपस्थित थे। संदीप रजक कमिश्नर, निशक्त जन कल्याण, मप्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, ऑटिज्म को हिंदी में स्वलीनता कहते हैं। स्वलीनता वाले बच्चों को जितनी कम उम्र में चिन्हित किया जाएगा उतना ही उसके डेवलपमेंट में आसानी होगी। उन्होंने आवाहन किया कि इस कोर्स या इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले आगे आए और समाज में मेंटल डिसेबिलिटी के लिए कार्य करें।



# लालसाई मान गए कहा-शोभा यात्रा में शामिल रहेंगे



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो। पूज्य सिंधी पंचायत व संतनगर के गणमान्य नागरिकों ने शुक्रवार शाम टेंपल आप संबोधि पहुंचकर वेदांत संत लाल साई से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। साथ ही चैती चांद पर निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में शामिल होने व अगवाई करने का आग्रह किया।

जिस पर साई जी ने कहा 'मैं पूज्य सिंधी पंचायत का सम्मान करता हूं यह संत नगर की प्रमुख संस्था है मैं शोभायात्रा में शामिल रहूंगा बाकी रही अगुवाई की बात तो वो झूलेलाल साईं की अगुवाई में हम सभी नाचते गाते चलेंगे।'

इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी , उपाध्यक्ष नंद दादलानी, शोभायात्रा के संयोजक कन्हैयालाल ईसरानी, बसंत चेलानी, नरेंद्र लालवानी ,मनोहर विधानी, मोहनलाल लालवानी, रमेश वाधवानी, दिनेश वाधवानी ,अमित बिनवानी, हरीश केवलानी, कन्हैया नागदेव, माधु चांदवानी आदि उपस्थित थे

**मेट्रो एंकर**

### जतिन के सुर और जूनियर अमिताभ गुदगुदाएंगे

# एक शाम सिंधियत के नाम के साथ चैतीचांद महोत्सव आज से

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो। सिंधु सेना एंव सिंधी कौंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा चैतीचांद महोत्सव में एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम छह अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। लचाटी स्थित स्वागत गार्डन में शाम 7 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय युवा गायक जतिन उदासी ( मुंबई ) जूनियर अमिताभ मुंबई और मेंकी मेंन के नाम से जाने जाने वाले जैकी वाधवानी (अहमदाबाद) अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

सिंधु सेना ने बताया कि भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर युवाओं की पसंद पर एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जतिन उदासी आ रहे हैं, जो जाने माने सिंगर्स हैं। वे अपनी रुहानी आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर देने में माहिर हैं, जिससे युवा उनके द्वारा गये गीतों पर थिरकने पर मजबूर हो जाते है। तो वही जूनियर जूनियर अमिताभ बच्चन और मैंकी मैंन लोगों का मनोरंजन करेंगे।



### संस्कार में आयोजन

निर्मल नर्सरी विकास समिति शाम सात बजे संस्कार स्कूल के सभागार में चैतीचांद उत्सव मनाएगी। शाम 7.30 झूलेलालजी की पूजा अर्चना के साथ सांस्कृतिक आयोजन होंगे। बतौर अतिथि वेदांत संत लालसाई, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी की सहभागिता होगी।

### सीआरपी से शोभा यात्रा

सिंध युवा समिति 10 अप्रैल को शोभायात्रा सीआरपी पिपलेश्वर महादेव मंदिर से निकालेगी, जिसमें ढोल, नगाडे, बग्गी, ट्राला, डी.जे. के साथ चैतीचांद उत्सव मनाएंगे। सांई झूलेलालजी की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभा त्रा शाम 05 बजे पिपलेश्वर महादेव मंदिर सीआरपी से पूजा अर्चना कर एवं प्रसाद वितरण कर निकाली जाएगी, जो सीआरपी के विभिन्न स्थानों से होते हुए गुरुद्वारा, नगर निगम, मोची मोहल्ला, चंचल चौराहा से निकलकर मुख्य जुलूस में शामिल होगी।

### मासिक शिवरात्रि पर 108 आहुति हवन कल

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया है कि 7 अप्रैल का सुबह 9 बजे एल्डर्स होम के पास देवानी निवास पर मासिक शिवरात्रि पर हवन किया जाएगा। समिति अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण कर 108 आहुतियां देकर हवन कराएंगे। गर्ग ने बताया कि मासिक शिवरात्रि हवन करने से शिवजी भक्तों की बडी से बडी मुश्किलें हल कर देते है।

### लाइफ लाइन में बच्चों का टीका लगाकर स्वागत

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

लाइफ लाइन स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों को नई कक्षा में प्रवेश पर बच्चों का शिक्षिकाओं ने टीका लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फूल मालाएं भी पहनाई गई और आरती उतारी गई। प्राचार्य किरण वाधवानी ने बच्चों का मुंह मीठा कराया।

### थोकबंद चुनाव ड्यूटी से नाराज रेंजरों की चेतावनी

# आज और कल शाम तक चुनाव ड्यूटी से अमले को छूट नहीं दी तो लगाएंगे अवमानना याचिका




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में वन कर्मियों की चुनाव में थोकबंद ड्यूटी लगाने के खिलाफ रेंजरों ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका लगाने की चेतावनी दी है। इन्होंने आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारियों को शनिवार से लेकर रविवार शाम तक का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि इन दो दिनों में ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया तो सोमवार को हाईकोर्ट चले जाएंगे। इस बीच खंडवा, टीकमगढ़, जबलपुर, सतना, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, सीहोर, पन्ना व हरदा जैसे कई जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों ने वनकर्मियों की चुनाव ड्यूटी निरस्त कर दी है।



उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय साधिकार समिति और चुनाव आयोग ने वन कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से अलग रखने के निर्देश दिए थे। तब भी जिला निर्वाचन अधिकारियों ने वन कर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगा दी। इस बात से नाराज रेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार समेत अन्य पदाधिकारी हाईकोर्ट गए थे, वहां से हाईकोर्ट ने भी चुनाव ड्यूटी से वन कर्मियों को अलग रखने के निर्देश दिए थे। वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के पूर्व कलेक्टरों को पत्र लिख चुके हैं। स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल अहिरवार व अन्य कर्मचारी संगठनों के प्रमुखों का कहना है कि आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारियों को कई बार याद दिला चुके हैं लेकिन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। अब अवमानना याचिका ही विकल्प है। सोमवार को अवमानना याचिका लगाएंगे।

**वनकर्मियों का दावा-** गर्मी के समय वनों में आग का खतरा रहता है। दूसरी ओर ऐसे समय में शिकारी सक्रिय हो जाते हैं ये वन्यप्राणियों का शिकार करने की फिराक में रहते हैं। इन दोनों स्थितियों से निपटने के लिए वन कर्मियों का मूल ड्यूटी पर होना जरुरी है। दो महीने बाद बारिश शुरू होनी है, इसलिए पौधे लगाने के लिए अभी भी तैयारी करना होगा। यह काम बिना वन कर्मियों के संभव नहीं है। जिसके चलते ड्यूटी से छूट का आधार बनता है।

**जिला निर्वाचन अधिकारियों की मंशा-** शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए भी अमले की जरुरत है, जिसकी कमी है। यह स्थिति तेजी से शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के कारण बनी, इसलिए पूर्व में चुनाव करा चुके अनुभवी कर्मचारियों की संख्या कम है। वन कर्मियों व वन अधिकारियों की मदद जरुरी हैं।

### 2500 से अधिक शिक्षक चुनाव ड्यूटी में तैनात, पढ़ाई हो रही प्रभावित

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में चुनावी व्यवस्थाओं के लिए बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों को चुनाव कार्य में लगाया गया है और इन्हे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हालांकि अतिथि शिक्षकों को चुनाव कार्य से मुक्त रखा गया है, लेकिन शासकीय शिक्षकों को बड़ी संख्या में चुनाव ड्यूटी में तैनात किया गया है। ऐसे में शैक्षणिक व्यवस्थाओं पर इसका असर पड़ रहा है। राजधानी में 2500 से अधिक शासकीय शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इस कारण सरकारी स्कूल सहित केंद्रीय विद्यालयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की गैरमौजूदगी के कारण कई कक्षाएं बंद कर दी हैं।

### अतिथि शिक्षकों की 30 अप्रैल को सेवाएं समाप्त

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पदस्थ करीब 72 हजार अतिथि शिक्षकों को चुनाव कार्य से राहत दी गई है। अतिथि शिक्षकों की 30 अप्रैल को सेवाएं समाप्त हो जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं। उक्त तिथि के बाद अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। ऐसे में निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाए। यदि अपरिहार्य कारणों से ऐसे किया जाना आवश्यक हो तो उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल तक ही निर्वाचन कार्य में लगाई जाए।

### 16 के नामांकन निरस्त

## 93 उम्मीदवारों के नामांकन वैध मिले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का काम खत्म होने केबादअब 93 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गये यानि यह अब मुकाबले में हैं। जबकि ल 16 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र संवीक्षा के बाद अस्वीकृत कर दिये गए हैं। इनमें खजुरोह सीट से सपा उम्मीदवार मीरा यादव का पर्चा भी शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरांत लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-6 टीकमगढ़ (अजा) में 8 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-7 दमोह में 16 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-8 खजुराहो में 14 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-9 सतना में 20 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-10 रीवा में 14 अभ्यर्थी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-17 होशंगाबाद में 12 अभ्यर्थी एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-29 बैतूल (अजजा) में 9 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये हैं। लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में 2, दमोह में 2, खजुराहो में 5, सतना में 2 और रीवा में 5 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र संवीक्षा के बाद अस्वीकृत कर दिये गए हैं। नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। अब नाम-निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

### भाजपा का रोड शो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जबलपुर आगमन एवं रोड शो की तैयारी के लिए भाजपा की कोर कमेटी की बैठक के बाद जबलपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के रोड शो मार्ग का निरीक्षण किया।

### कांग्रेस की जनसभा



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव खाचरोद (उज्जैन) में जनसभा में शामिल हुए।

### बैठक में किया संबोधित



गुना से भाजपा उममीदवर व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बमौरी में बूथ समिति के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सिंधिया ने विभिन्न बैठकों को भी संबोधित किया।

### सी विजिल एप पर 20 दिन में 82 शिकायतें

आचार संहिता लागू हुए 20 दिन हो गए। जिला निर्वाचन शाखा ने आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों को दर्ज करने से लेकर निराकरण करने कंट्रोल रूम स्थापित किया। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक की सुविधाएं शुरू की, लेकिन लोग शिकायत ही नहीं कर रहे। 16 मार्च से लागू आचार संहिता से अब तक 20 दिनों में ऑनलाइन व ऑफलाइन 82 शिकायतें आई हैं। इनमें से 70 फीसदी शिकायतें खुद कंट्रोल रूम की टीम ने ट्रायल के तौर पर दर्ज की है। चुनावी कंट्रोल रूम में निर्वाचन या आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत होना चाहिए, लेकिन सी विजिल एप पर कोलार से छेड़छोड़ की शिकायत दर्ज करवा दी गई। एमपी नगर से होर्डिंग-बैनर की शिकायत दर्ज हुई है। नेताओं के घरों से कार्यालयों व शहर के प्रमुख स्थानों तक को पूरी तरह से बैनर-होर्डिंग से मुक्त नहीं किया है। करोंद से राजनीतिक दल के पदाधिकारी उन्हें डरा-धमका रहे हैं।

### ऑनलाइन जमा होगा नामांकन शुल्क

जिला निर्वाचन ने भोपाल संसदीय क्षेत्र को लेकर नामांकन फाम व इसके लिए तय शुल्क ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी कर ली है। आयुक्त कोष व लेखा ने चुनाव आयोग के पोर्टल से सायबर ट्रेजरी को जोड़ दिया है। सायबर ट्रेजरी अब पोर्टल के साथ लाइव है। इसे लेकर अब संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आठ अप्रैल सोमवार सुबह 11 बजे जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण होगा।

### आज से माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की गतिविधि पर नजर रखने से लेकर चुनावी प्रक्रिया ठीक से पूरी कराने 1250 माइक्रो ऑब्जर्वर को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन केंद्रों पर प्रशिक्षण शनिवार को भी होगा। इसके लिए दो-दो पालियों में ट्रेनिंग होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम ने प्रशिक्षण शुरू कराया। इसमें लोकसभा चुनाव संबंधित पूरी जानकारी को लेकर ट्रेनर द्वारा बताया जा रहा है।

### 15000 को मिली चुनाव ट्रेनिंग

जिले के 14 हजार 700 कर्मचारियों को मतदान के लिए दिया पहला प्रशिक्षण शुक्रवार को पूरा हो गया। ट्रेनिंग के दौरान कर्मचारी अपने काम से दूर रहे। स्कूल से राजस्व व अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। अब 20 अप्रैल से ट्रेनिंग का दूसरा चरण शुरू होगा। इस प्रशिक्षण में चुनाव की प्रक्रिया सहित पूरी जानकारी चुनाव कराने में लगे कर्मचारियों को दी जाएगी।

## लेटलतीफी: कॉलेजों में सत्र समाप्त होने के बाद पहुंची स्टेशनरी की राशि

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय महाविद्यालय में अनुसूचित जाति-जनजाति के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले रजिस्टर और पेन की राशि समय से नहीं मिल रही है। विद्यार्थियों का आरोप है कि सरकार से 500 रुपए की स्टेशनरी देने का प्रावधान है, लेकिन हर साल सत्र समाप्त होने के बाद यह राशि खातों में आती है। ऐसे में हर साल खुद के पैसों से ही स्टेशनरी खरीदना पड़ती है। इस साल भी अब मार्च अंत में राशि आई है। भोपाल के 9 सरकारी कॉलजों में अनुसूचित जाति-जनजाति के विद्यार्थियों की संख्या दो हजार के करीब है। इन्हें सरकार की नीति के अनुरूप किताबें, रजिस्टर और पेन दिए जाते हैं। रजिस्टर और पेन के लिए 500 तथा किताबों के लिए 1500 रुपए का प्रावधान है। यहां विद्यार्थियों को किताबें अभी तक नहीं मिल पाई है।



## सीयूईटी यूजी परीक्षा 15 मई से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) यूजी 15 से 31 मई तक होगी। यह परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। सीयूईटी के बाद खाली बची सीटों पर मैरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा अब 23 जून को होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 2 जून को होने वाली सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, प्राणीशास्त्र विषयों के लिए आयोजित की जाना थी। वहीं 28 अप्रैल को होने वाली एमपीपीएससी की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 अब 23 जून को होगी। लोकसभा चुनाव के चलते परीक्षा आगे बढ़ाई गई है। पीएससी ने परीक्षाओं को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया।

**मेट्रो एंकर** | वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने वन विहार प्रबंधन कर रहा तैयारी

## बाघ और शेर के लिए लग रहे कूलर, बाड़ों में ठंडक के लिए फव्वारों की व्यवस्था

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गर्मी को देखते हुए वन विहार के बाड़े व डिस्प्ले में रखे जाने वाले सभी वन्यप्राणियों की डाइट में बदलाव होगा। भालुओं को दूध, अंडा और दलिया के साथ ऐसे फल दिए जाएंगे, जिनमें पानी की मात्रा अधिक रहती है। बाघ, सिंह और तेंदुओं को भी खास डाइट दी जाएगी। तापमान बढ़ते ही जहां लोग गर्मी से परेशान होने लगे तो वहीं वन्य प्राणियों को भी दिक्कत आ रही है। वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए इंतजाम शुरू कर दिए हैं। कूलर लगाए जा रहे हैं। पानी के हौज भी भरकर रखे जा रहे हैं। वन विहार में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए इंतजाम शुरू हो गए हैं। बाघ और शेर के लिए यहां कूलर की व्यवस्था हो रही है। बाड़े के चारों ओर खस लगाई जा रही है ताकि ठंडक बनी रहे। पानी के हौज की संख्या बढ़ा कर उन्हें भरा जा रहा है। इस बार अप्रैल के पहले सप्ताह में ही तेज गर्मी पड़ रही है। इसे लेकर वन विहार पार्क प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। भालू के बाड़े में तो पानी का फव्वारा शुरू कर दिया गया है। बाघ, शेर के बाड़े में पानी का खास इंतजाम किया है। बाघ व शेर के लिए कूलर लगाए जा रहे हैं। जबकि भालुओं के बाड़े को चारों तरफ से ठंडा रखने के लिए घास की दीवारें बनाई गई हैं। इसके अलावा यहां सूती बोरे की चादरें लगाई गई हैं।



फाइल फोटो




## सुविचार

अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है, जो जिंदगी भर आपके काम आती है।

– अज्ञात

## संपादकीय

# वादे, इरादे और साहस

लोकसभा चुनाव को देश के लिये काफी निर्णायक बता रही मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट करने की कोशिश की है, जहां उसे लगता है कि सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। मसलन लंबे समय से जातिगत गणना की बात जोरशोर से उठा रहे राहुल गांधी के इसी मुद्दे को घोषणापत्र में तरजीह मिली है। यही जातिगत जनगणना इस घोषणापत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है। अभी माना जा सकता है कि अगर इस बार की वोटिंग में इस मुद्दे की खास भूमिका नहीं दिखती है तो बहुत संभव है कि आने वाले दौर में आरक्षण जैसे मुद्दे की राजनीतिक अहमियत कम होती जाएगी। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि बीते दस वर्ष का एनडीए शासन इससे पहले के दस वर्ष के यूपीए शासन के मुकाबले विकास दर की कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है। इस तरह कहा जा सकता है कि यह केंद्र की भाजपा सरकार के विकास के नैरेटिव को सीधी चुनौती है। इन परस्पर विरोधी दावों की प्रामाणिकता के सवाल में उलझे बगैर यह देखना ज्यादा दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके दावे पर अपनी मुहर लगाते हैं। कांग्रेस ने मजदूरी की न्यूनतम दर चार सौ रूपये करने की बात कही है जो जरूरी भी लगती है, वहीं तीस लाख सरकारी नौकरियां और गरीब महिलाओं को एक लाख रूपये वार्षिक देने के प्रावधान भी लोकलुभावन हैं।हालांकि, कुछ समय पहले हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा की तरफ से जमकर लोकलुभावन वादे हुए थे। तब अधिक लोगों का झुकाव केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर दिखा था तथा काग्रेंस की दो बड़े राज्य की सरकारें चली गईं। अब कल्याणकारी घोषणाओं पर जोर देने के बावजूद कांग्रेस का यह घोषणापत्र ओल्ड पेंशन स्कीम पर चुप्पी साधे हुए है। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का इस पर जोर था। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में मिली कामयाबी के पीछे इस वादे की भी भूमिका बताई गई थी। लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों की राय थी कि यह वित्तीय समझदारी के खिलाफ है। ऐसे में कांग्रेस ने अगर सोच-समझे ढंग से इस मुद्दे पर कदम पीछे खींचने का जोखिम उठाया है तो इसकी सराहना होनी चाहिए। घोषणापत्र जारी करते समय पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इस पर पार्टी का रूख स्पष्ट भी करने की कोशिश की थी। सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिए जाने लगे हैं। उदाहरण के लिए पार्टी ने खानपान, वेशभूषा, भाषा और पर्सनल लॉ के मामले में अल्पसंख्यकों समेत सभी नागरिकों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात खास तौर पर कही है। कुल मिलाकर, मुख्य विपक्षी दल के इस घोषणापत्र को इस मामले में साहसिक कहा जाएगा कि इसने नीतियों की वैकल्पिक दिशा स्पष्ट करने की कोशिश की है। अब इस पर वह वोटरों को कैसे और किस हद तक आश्वस्त कर पाती है यही दिलचस्प है। क्योंकि अभी सबसे बड़ी चुनावी मशीनरी मानी जाने वाले भाजपा का घोषणापत्र यानि संकल्पपत्र आने वाला है। पीएम मोदी कह ही रहे हैं कि अभी तक जो हुआ है वह तो ट्रेलर है। यानि भाजपा बहुत बडे वादों और इरादों के साथ चुनाव में उतरने वाली है।

## आज का इतिहास

- 1141: महारानी मटिल्डा इंग्लैंड की पहली महिला शासक बनीं।
- 1509: फ्रांस ने वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1712: न्यूयॉर्क में दास विद्रोह में छह गोरे लोग मारे गए और 21 अफ्रीकी अमेरिकी घायल हुए।
- 1788: अमेरिकी अग्रदूतों ने मैरिएट्टा (आधुनिक ओहीओ में) शहर की स्थापना की।
- 1856: नेल्सन कॉलेज की स्थापना न्यूज़ीलैंड में की गयी।
- 1920: प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रवि शंकर का जन्म।
- 1929: पहली वाणिज्यिक उड़ान भारत पहुंची, जब ब्रिटेन के इंपीरियल एयरवेज की लंदन-काहिरा सेवा को कराची तक बढ़ाया गया।
- 1939: दूसरे विश्वयुद्ध में अल्बानिया पर इटली का कब्जा।
- 1940: अमेरिका में डाक टिकट पर पहली बार अश्वेत अमेरिकी बुकर टी. वॉशिंगटन की तस्वीर छापी गई।
- 1942: जम्पिंग जैक के नाम से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता जितेंद्र का जन्म।
- 1946: सीरिया को फ्रांस से आजादी मिली।
- 1947: अरब बाथ पार्टी की स्थापना दमिश्क में हुई।
- 1948: शंघाई में एक बौद्ध मठ में आग लगने से 20 बौद्ध भिक्षुओं मरे गए।
- 1948: संयुक्त राष्ट्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन किया।
- 1955: विंस्टन चर्चिल ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- 1969: दुनिया में सूचना तकनीक के मैदान में बड़ी क्रांति। इसी दिन इंटरनेट का जन्म हुआ।
- 1981: टेक्सास के कॉर्पस क्रिस्टी शहर में एक अनाज की लिफ्ट में विस्फोट होने से 9 लोग मारे गए और 30 घायल हुए।
- 1990: नॉर्वे के निकट एक नौका दुर्घटना में 110 लोग मारे गए।
- 1994: फेडएक्स एक्सप्रेस के एक कर्मचारी ने असफल आत्महत्या के प्रयास में फेडरल एक्सप्रेस फ्लाइट 705 को हाईजैक करने की कोशिश की।
- 1995: रूसी अर्धसैनिक बलों ने चेचन्या के समशकी में कम से कम 250 नागरिकों का नरसंहार शुरू किया।
- 2000: भारत में करोड़ों रुपये की मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश।
- 2006: बगदाद में बम विस्फोट में 79 लोग मारे गये।
- 2012: सियाचिन में भूस्खलन से 130 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत।
- 2015: अमेरिकी अभिनेता जियोफरे लेविस का निधन।

## निशाना

### है सांसत में जान!



– कृष्णेन्द्र राय

फंस रही है गाड़ी ।
देकर के बयान ।।
उच्च कोटि का बोलना ।
है सांसत में जान ।।
ज्यादा पाने खातिर ।
कुछ भी देते बोल ।।
आखिरकार लेकिन ।
खुलती खुद ही पोल ।।
आ रहा सब सामने ।
किस पर दाव लगाया ।।
हो रहा है मुश्किल ।
था सबको बुलाया ।।
जीत की है भूख ।
है कुछ भी कर जाना ।।
ठान लिया है हमने ।
बजना ऐसे गाना ।।

# कांग्रेस ने जनता से किए वादे, पर जीत की राह में हैं ये पत्थर

■ पवन उप्रेती

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 5 अप्रैल को घोषणापत्र जारी कर दिया। लेकिन, उसकी जीत की राह आसान नहीं दिखाई देती। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को लगातार फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन के भीतर ही तीन बड़े चेहरे (बॉक्सर विजेंदर सिंह, पूर्व सांसद संजय निरुपम और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ) कांग्रेस छोड़ कर चले गए। संजय निरुपम और गौरव वल्लभ ने पार्टी पर तमाम गंभीर आरोप भी लगाए हैं। संजय निरूपम ने पार्टी में गुटबाजी और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लेकर नाराजगी जताई। इससे पहले भी कई बार केसी वेणुगोपाल को लेकर पार्टी नेताओं के बीच नाराजगी की खबरें आती रही हैं।

इसके अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, वाराणसी के पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, आचार्य प्रमोद कृष्णम, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता, गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने भी साल 2024 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। आखिर क्यों एक-एक कर कांग्रेस छोड़ रहे नेता और लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर क्या हैं पार्टी की चुनौतियां?

**जनता का पसंदीदा कोई चेहरा नहीं, नेताओं का सुनने वाला कोई नहीं:** कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले ऐसा कोई बड़ा चेहरा नहीं है जो देश भर में जबरदस्त भीड़ तो जुटा ही सके, भीड़ को वोटों में भी बदल सके। केरल में कांग्रेस छोड़ कर बीजेपी में जाने वालीं पद्मजा वेणुगोपाल (के. करुणाकरण की बेटी) का साफ सवाल रहा- क्या आप कांग्रेस में एक भी मजबूत नेता का नाम बता सकते हैं? पद्मजा वेणुगोपाल ने रीडिफ.कॉम को दिए एक इंटरव्यू में कांग्रेस की एक और समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा- जब सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष थीं तो वह उनसे लगातार मिलती थीं और पार्टी की समस्याओं पर बात करती थीं। लेकिन, आज पार्टी में कोई सुनने वाला ही नहीं है।

**नेतृत्व पर कुछ लोगों के हावी होने का आरोप:** संजय निरुपम ने कांग्रेस छोड़ने के बाद आरोप लगाया कि पार्टी में सब कुछ केसी वेणुगोपाल (संगठन महासचिव) ही तय करते हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले कई और नेताओं ने भी केसी वेणुगोपाल पर अंगुली उठाई है। लेकिन, पार्टी ने इस पर ध्यान दिया हो, ऐसा नहीं लगता है।

**संसाधनों की कमी:** कांग्रेस के पास पतिद्वंद्वी भाजपा की तुलना में पैसे की भारी कमी है। एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की बीते साल आई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020-21 के दौरान बीजेपी की घोषित संपत्ति कुल 4990.195 करोड़ रुपये थी और 2021-22 के दौरान यह 21.17त्न बढ़कर 6046.81 करोड़ हो गई। जबकि 2020-21 में कांग्रेस की घोषित संपत्ति कुल 691.11 करोड़ रुपये थी और 2021-22 के दौरान यह 16.58 प्रतिशत बढ़कर 805.68 करोड़ रुपये हो गई। देखा जा सकता है कि कांग्रेस और बीजेपी की घोषित संपत्ति में बहुत बड़ा अंतर है और ऐसे में कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव जैसा बड़ा समर लड़ पाना आसान नहीं है।

इसके अलावा इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी को सबसे ज्यादा 6060.51 करोड़ रुपए का चंदा मिला है जबकि कांग्रेस को सिर्फ 1421.86 करोड़ रुपए मिले हैं। इससे भी पता चलता है कि बीजेपी पैसे के मामले में कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है। यह निर्विवाद सत्य है कि चुनाव लड़ने और पार्टी संगठन को चलाने के लिए बहुत अधिक धन की दरकार होती है। ऐसे में कांग्रेस के सामने अपने संगठन को चलाने की एक बड़ी चुनौती मुंह के सामने खड़ी है।




**कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है। तमाम नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। ऐसे में पार्टी के सामने चुनौतियों का अंबार लगा हुआ है।**

आयकर आयकर विभाग के नोटिस और अकाउंट्स फ्रीज किए जाने की वजह से भी कांग्रेस मुश्किल में है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया व राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि आयकर विभाग की वजह से पार्टी को जबरदस्त आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस निश्चित रूप से संसाधनों की कमी से जूझ रही है और इस मामले में बेहद मजबूत बीजेपी से मुकाबला कर पाना भी उसके लिए बड़ी चुनौती है।

**कमजोर संगठन:** कांग्रेस के सामने एक बड़ी चुनौती संगठन का कमजोर होना भी है। आजादी के बाद 1947 से लेकर 1977 तक केंद्र की सत्ता में एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस की हालत आज बेहद खराब है। कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव बुरी तरह हार चुकी है और आज गिने-चुने तीन राज्यों- कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में ही उसकी सरकार है। इसमें से भी हिमाचल प्रदेश में उसकी सरकार पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

लगातार चुनावी हार से कांग्रेस का संगठन बेहद कमजोर हो गया है और कांग्रेस के सामने इस कमजोर संगठन के बलबूते बेहद मजबूत सांगठनिक आधार रखने वाली बीजेपी को हराना बड़ी चुनौती है।

**नेताओं का पार्टी छोड़ना:** कांग्रेस के सामने एक और बड़ी चुनौती लगातार पार्टी छोड़ रहे नेताओं को रोकने की है। साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस के तमाम बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। इन नेताओं में पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुष्मिता देव, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद सहित कई नाम शामिल हैं। ये ऐसे नेता हैं जिन्होंने कांग्रेस में लंबे वक्त तक काम किया था।

**विपक्षी दलों को एकजुट करना:** एक लंबी कोशिश के बाद भी कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट नहीं कर पाई। पंजाब में आम आदमी पार्टी के साथ उसका गठबंधन नहीं हो पाया और ऐसा ही कुछ पश्चिम बंगाल में भी हुआ जहां टीएमसी ने उसे एक भी सीट देने से इनकार कर दिया। इससे बीजेपी को यह कहने का मौका मिला है कि इंडिया गठबंधन खंड-खंड हो गया है। टिकट बंटवारे के दौरान भी सहयोगी दलों के साथ बिहार और महाराष्ट्र में कांग्रेस की तनातनी देखने को मिली है। हालात यहां तक खराब रहे कि एनडीए छोड़कर विपक्षी दलों के साथ आए नीतीश कुमार भी इंडिया ब्लॉक को छोड़कर चले गए। ऐसे में तमाम विपक्षी दलों को एकजुट रखने की चुनौती भी कांग्रेस के सामने है।

**साभार :** यह लेखक के विचार है।

## भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर विशेष

# लोकतंत्र का उजाला अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही भाजपा

■ विष्णुदत्त शर्मा



हमारी भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। जनसंघ की नींव श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने रखी थी। स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मिलित रहे थे किंतु नेहरू-लियाकत समझौते का विरोध एवं पंडित नेहरू की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने 19 अप्रैल 1950 को केंद्रीय उद्योग मंत्री के पद से त्यागपत्र देकर कांग्रेस के विकल्प के रूप में एक नया राजनीतिक दल खड़ा करने का निर्णय किया। 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी जिसके संस्थापक के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रमुख थे और जनसंघ का चुनाव चिन्ह दीपक तथा झंडा भगवा रंग का रखा गया। देश में सामान नागरिक सहिता, गौहत्या पर प्रतिबंध एवं जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना जनसंघ की राजनीति के प्रमुख विषय थे। वर्ष 1975 तक जनसंघ इन्ही मुद्दों को लेकर अपनी राजनीति कर रहा था किंतु इंदिरा गाँधी द्वारा आपातकाल की घोषणा एवं आपातकाल के विरोध में सयुंक्त मोर्चा खड़ा करने के उद्देश्य से तत्कालीन जनसंघ के नेतृत्वकर्ताओं ने 1977 में जनसंघ का विलय जनता पार्टी में किया किंतु अपने वैचारिक अधिष्ठान के स्वाभिमान हेतु जनता पार्टी से अलग होकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी, श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी सहित जनसंघ के अन्य नेताओं ने 6 अप्रैल, 1980 को पंच निष्ठाओं के आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए राजनैतिक दल की स्थापना की।

भारतीय जनता पार्टी के शून्य से शिखर की इस 44 वर्षों की यात्रा में कई अच्छे-बुरे पड़ाव आये है किंतु अपने ध्येयों की वजह से हमारा संगठन अपने मूल विचार पर आज भी चट्टान की भांति अडिग है। श्रद्धेय अटलजी संगठन के पहले अध्यक्ष बने एवं 1980 में भारतीय जनता पार्टी का प्रथम अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया था। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्रद्धेय अटलजी ने भविष्यवाणी की थी, वो आज सत्य सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा था- 'मैं ये भविष्यवाणी करने का साहस करता हूं कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा'। मूलतः भाजपा की यह यात्रा एक विचार की है जिसके आधार पर भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष होने के नाते मैं यह गंभीरता के साथ कह सकता हूँ कि वर्तमान राजनीति में संभवतः भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो व्यक्ति या परिवार पर आधारित ना होकर अपनी विचारधारा पर आधारित है। हमारी इसी वैचारिक स्पष्टता एवं अपने कार्यों के प्रति सक्रियता से ऐसे अनेक विषयों का समाधान हुआ है, जिनकी कल्पना करना भी असंभव था।

दो सीटों पर विजय से शुरू हुआ भाजपा का संसदीय सफर आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 400 का जादुई आकंडा छूने के नजदीक है। आज देश के हर कोने में भाजपा की सशक्त उपस्थिति है। आज भाजपा के बिना देश में कोई राजनीतिक प्रक्रिया सम्भव नहीं है। पूर्वोत्तर के जिन राज्यों में भाजपा का सत्ता में आना कुछ समय पहले तक मृग मरीचिका माना जाता था, वहाँ की जनता ने भी भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया और असम, त्रिपुरा, मणिपुर सहित अन्य राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बनीं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की हर छोटी से बड़ी पंचायत में भाजपा की प्रभावी उपस्थिति दिनोंदिन बढ़ रही है। अब चहुँओर कमल ही खिलता दिखाई दे रहा है। चप्पा चप्पा भाजपा, यह अब नारा नहीं आज की तारीख में एक हकीकत बन चुका है। जिन सपनों को लेकर जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता गाँव-गाँव गए, वे आज साकार हुए हैं। इस दीर्घकालिक प्रक्रिया में पार्टी ने एक से बढ़कर एक पराक्रमी और परिश्रमी नेतृत्व देखा। स्वएर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी से लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तक भाजपा ने देश की दलगत राजनीति में ऐसे प्रेरणा के पुँज दिए हैं, जिनकी आभा से राजनीतिक जगत जगमगा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमारे नेतृत्व की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे संस्थापकों ने एवं भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्री रामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुयी सरकारें भी न्योछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषों का संकल्प एवं एक देश में ÷दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार द्वारा लिया गया अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्री य अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप ÷राष्ट्र सर्वोपरि मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किये हैं, जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ इच्छाशक्ति से जो सपना हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरु बनाने का देखा था आज उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं।

हमारी ध्येय यात्रा में केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयालजी जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब-कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा द्वारा जनकल्याण के इस कार्य हेतु अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए। आयुष्मान, उज्ज्वला और आवास योजनाएं संचालित की गई। देश खुले में शौच से मुक्त हो गया, घर घर बिजली पहुंचाई। 10 करोड़ से अधिक के गैस कनेक्शन दिए। हर घर शुद्ध पेयजल पहुँचाया। यह कुछ प्रमुख कार्य है जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मवगौरव को भी वापस हासिल किया है। राष्ट्रीय संकट में जनकल्याण की कसौटी पर भी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा के नेतृत्व ने एक अनूठा उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुभत किया है। कोरोना संकट में दुनिया के अनेक देशों ने जहाँ अपने नागरिकों को अपने हाल पर छोड़ दिया, वहीं भारत में भाजपा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने हर नागरिक के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके लिए अनाज के साथ दवाओं और अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका तो निभाई ही, हर नागरिक के लिए उसे मुफ्त उपलब्ध कराने हेतु विश्व का सबसे बड़ा वैक्सिनेशन अभियान चला कर दुनिया से अपने सामर्थ्य का लोहा भी मनवा लिया। ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' ही भाजपा का जीवन-मंत्र बन गया है।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़ें व्यक्ति की चिंता और उसके प्रति निष्ठा ने ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव प्रदान किया है। अपनी 44 वर्षों की इस यात्रा में आज हमारी भाजपा भारतीय राजनीति के जिस शीर्ष पर पहुंची है, वो हमारी विचारधारा के प्रति एकनिष्ठ और समर्पित भाव से बढ़ते रहने के कारण ही संभव हुआ है। आमजन के जीवन में बदलाव लाकर उसे देश की मुख्य भूमिका में लाने में भाजपा के नेतृत्व ने अद्भुत सफलता पायी है, इस तथ्य को संसार के लगभग सभी राजनीतिक जानकार स्वीकारते हैं। अपने 45 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल ने चार दशक पूर्व जो सपने देखे, वह तो साकार हुए ही हैं, साथ ही स्वाधीनता के अमृत वर्ष में मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2047 के लिए अपना दिशा-सूत्र बना चुका है, जिसको पूरा करने का दारोमदार भी भारतीय जनता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। निश्चित ही भाजपा अपनी संकल्प शक्ति, निष्ठा और नियति से इसे पूरा करेगी तथा देश के भविष्य-निर्माण की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संकल्प-सिद्धि की ओर अग्रसर रहेगी।

**-लेखक, मप्र भाजपा के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोस क्षेत्र से सांसद हैं।**

तीन दिवसीय मतदान अधिकारी प्रशिक्षण संपन्न

# सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हुआ। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। मतदान दल द्वारा प्राप्त की जाने वाली सामग्री, मतदान कर्मियों के आचरण नियम, पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान, मतदान अधिकारी क्रमांक एक के दायित्व ,टेंडर मत, अभ्याक्षेपित मत, दिखावटी मतदान के पश्चात ईवीएम मशीन को सीआरसी करना, मतदान समाप्ति के पश्चात क्लोज बटन दबाना अनिवार्य है दिखावटी मतदान के पश्चात पीठासीन अधिकारी के दायित्व, मतदान दिवस पर दिखावटी मतदान की प्रक्रिया के दौरान कार्य, पीठासीन की डायरी के बारे में भी बताया गया। सभी मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण दिया गया तथा ईवीएम मशीन को कनेक्ट करने के बारे में भी बताया गया प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का निरीक्षण नायब तहसीलदार नितिन राय द्वारा किया गया द्वितीय सत्र का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार द्वारा किया गया प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, सुनील सोनी, अशोक साहू, डी एस परमार, उमेश धुर्वे, बाबू पटेल, प्रेम नारायण परते, अतुल गौर प्रशांत चौरसिया द्वारा दिया गया।

# नपा परिषद नर्मदापुरम ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में आज 05 अप्रैल 2024 को नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा नगर पालिका के कर्मचारी एवं नर्मदा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य 26 अप्रैल 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। रैली महिला थाने से सदर बाजार, कोठी बाजार, बंगाली कॉलोनी एवं अन्य मार्गो से रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली में सीएमओ श्रीमती हेमेश्वरी पटले, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय प्राचार्य और शिक्षक दिव्या मिश्रा सिटी मिशन मैनेजर, सहित नगर पालिका के कर्मचारी सम्मिलित रहे।

सभी अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक निर्वाचन कार्य संपादित करने के दिए निर्देश

# सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने की चुनावी तैयारी की समीक्षा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सामान्य प्रेक्षक डॉ प्रतिम बी यशवंत एवं पुलिस प्रेक्षक सी संतोष कुमार तुकाराम ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए की जा रही चुनावी तैयारी, अब तक हुई प्रगति, निर्वाचन के लिए किया जा रहे हैं उत्तरदायित्व, की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नरसिंहपुर एवं रायसेन कलेक्टर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी विभाग के अधिकारी गण मौजूद थे. सामान्य प्रेक्षक ने अब तक आयोजित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी के संबंध में जानकारी ली। बताया गया कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक समय-समय पर आयोजित की गई। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों को निर्वाचन से संबंधित जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में कम मतदान वाले केंद्रों को चिन्हित किया गया है। यहां विशेष स्वीप की गतिविधि आयोजित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा रहा है। क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।सभी सेक्टर अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन कर लिया है। शैडो एरिया चिन्हित कर लिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार 50त्न मतदान केदो में वेब कास्टिंग की जाएगी। सभी मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारीन ने अवगत कराया की सभी सेक्टर अधिकारियों के लिए वाहन की व्यवस्था कर ली गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में मतदाताओं की संख्या एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन मतदाताओं की सहमति लेकर घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा दी जाएगी इसके लिए टीम बनाई गई है । यह टीम दिव्यांग एवं 85 प्लस वाले मतदाताओं के पास जाएगी और उन्हें घर बैठे मतदान करावेगी।

कलेक्टर ने विभिन्न आयु वर्ग के मतदाताओं की जानकारी दी साथ ही मतदाता परिचय पत्र वितरण की भी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में पिंक बूथ भी बनाए जाएंगे। उन्होंने ईडीसी एवं ईवीएम मैनेजमेंट की भी जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि शिकायत प्राप्त करने के लिए शिकायत कंट्रोल रूम बनाया गया है। सी विजिल एप के माध्यम से भी शिकायतें प्राप्त हो रही है। 100 मिनट में उन शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक सी विजिल एप में 12 शिकायत प्राप्त हुई है, सफलतापूर्वक 100 मिनट में उसका निराकरण किया गया। अन्य सामान्य शिकायतें प्राप्त हुई है जिनका निराकरण किया गया है।

संपत्ति विरूपण की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की आचार संहिता प्रभावशील होते ही जिले में प्रभावी रूप से संपत्ति विरूपण की कार्रवाई सफलतापूर्वक की गई है। बैठक में शस्त्र लाइसेंस और प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत की गई कार्रवाई, जिला बदर की कार्रवाई, अवैध शराब एवं नगदी की बरामदगी कार्रवाई से प्रेक्षकों को अवगत कराया गया।

बैठक में वोटर टर्न आउट के संबंध में भी अवगत कराया गया बताया गया कि जिन मतदान केंद्र में मतदाता मतदान करने में कम रुचि लेते हैं वहां पर स्वीप की विशेष गतिविधियां चलकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रेक्षक गणों ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रेक्षक की रिपोर्ट के लिए निर्धारित प्रपत्र अनिवार्य रूप से भरे। उन्होंने एसएसटी की नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रावत ने बताया की जहां मतदान कम हुआ है उन मतदान केंद्रों में स्वीप की विशेष गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है।

## संवीक्षा में सभी 12 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन विधिमान्य होने से स्वीकार किये गए

**नर्मदापुरम।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा की गई। संवीक्षा में सभी 12 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य होनें से स्वीकार किये गये हैं। इनमें से 03 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी हैं एवं 09 अभ्यर्थी रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल / निर्दलीय हैं। अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, रिटर्निंग ऑफिसर को 08 अप्रैल 2024 (सोमवार) को अपरान्ह 3.00 बजे के पूर्व तक रिटर्निंग ऑफिसर को परिदत्त की जा सकती है।

## लोकसभा चुनाव में लापरवाही करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नोटिस जारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में विभिन्न कार्यो के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दायित्व सौंपे हैं। निर्वाचन कार्य मे लापरवाही बरतने बाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा को निर्वाचन कार्य के लिए सौंपे गये दायित्वों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# व्यय प्रेक्षक ने किया एसएसटी चैक पोस्ट का निरीक्षण, टीमों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 हेतु लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना द्वारा विधानसभा क्षेत्र 121 गाडरवारा अंतर्गत बनाये गये स्स्ञ्ज चेक पोस्ट पनागर का निरीक्षण किया गया एवं एसएसटी दलों को आवश्यक निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् उन्होने तहसील कार्यालय सभाकक्ष गाडरवारा में समस्त एईओएस/ एफएसटी/ वीवीटी/ वीएसटी व्यय लेखांकन दल (गाडरवारा, तेंदूखेड़ा, एवं नरसिंहपुर) एवं ष्टड्ढद्बद्दद्बद्ग टीमों की मीटिंग ली। जिसमें सभी टीमों को लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना द्वारा सभी टीमों के कार्य की सराहना की गई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी, संघमित्रा गौतम एवं प्रभारी तहसीलदार आकाश दहारे द्वारा पीपीटी के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक क्रमशः 120,121 की समस्त जानकारी दी गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी संघमित्रा गौतम, प्रभारी तहसीलदार आकाश दहारे, नायब तहसीलदार अनु जैन, लाइजनिंग ऑफिसर एम. एस. बेनल, अनुराधा शाक्यवार एवं सहायक लाइजनिंग ऑफिसर ज्योति अय्यर, प्रमोद पटेल उपस्थित रहे।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत घर घर जाकर मतदाताओं किया जागरूक

# नर्मदा कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली और नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान की अपील की



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिला निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नर्मदा कॉलेज में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र क्रमांक 77, 78,79 कार्यालय सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, शासकीय प्राथमिक शाला कमिश्नर कॉलोनी, प्राथमिक शाला पुलिस लाइन में क्रमशः विद्यार्थियों ने पहुंच कर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जन सामान्य को जागरूक करने हेतु रैली निकाली।

प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का अभियान जारी है. ये संपर्क रैली 26 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित की गई जिसमें और घर-घर जाकर लोगों से निष्पक्ष मतदान का आग्रह किया गया। डॉ बोहरे ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने स्लोगन लिखी तख्तियां के साथ चिन्हित कॉलोनियों में भ्रमण कर बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करने का आवाह्न किया। एन सी सी कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक में भी निष्पक्ष, स्वतंत्र मतदान के साथ घर से निकल कर बूथ तक जाने का संदेश दिया।डॉ के जी मिश्र, डॉ यास्मीन खान ,रीना सक्सेना आदि प्राध्यापक के साथ सुमित साहू, खुशी साहू, मयंक वाधवानी, यशस्वी मौर्य, हर्ष द्विवेदी, शुभेंदु दीवान, अथर्व तिवारी आदि विद्यार्थी संपर्क रैली में सम्मिलित रहे।

मेट्रो एंकर

ग्राम हिरनखेड़ा की ओर से राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती पर नमन

# उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए आजीवन सार्थक प्रयास

**सिवनी मालवा, संतोष सिंह चंदेल।**

स्वतंत्रता संग्राम के दौर में राष्ट्रकवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी जन्मभूमि बाबई से निकलकर प्रथम बार शिक्षक की भूमिका में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सतपुड़ा के घने जंगलों के पास स्थित एक गांव में आवासीय विद्यालय की स्थापना की। इस विद्यालय को नाम दिया गया *सेवा सदन विद्या मंदिर हिरनखेड़ा जो सिवनी मालवा से मात्र 16 किलोमीटर दूर पर स्थित है। इस विद्यालय की इमारत और विद्यालय परिसर तत्कालीन दौर की सुंदर इमारतों में से एक थी। यह सन् 1930 का दौर था। जब पंडित जी ने स्वतंत्रता संग्राम गतिविधियों को अपने साथियों के साथ मूर्त रूप देने के लिए घने जंगलों के बीच घिरा हुए एक वनग्राम में आवासीय विद्यालय की स्थापना की। इस आवासीय विद्यालय में विद्याध्यन के अलावा स्वतंत्रता संग्राम गतिविधियों की कार्य योजना भी बनाई जाती थी। यहां अनेक बड़े-बड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का आना जाना होता था । अनेक यशस्वी नेता भूमिगत रहकर आंदोलन चलाते थे, इनमें से एक प्रमुख नाम पंडित सुंदरलाल तपस्वी का था जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए अंग्रेज सरकार ने बड़ा इनाम रखा था। पंडित सुंदरलाल तपस्वी ने ÷भारत में अंग्रेजी राज÷ ग्रंथ की रचना की थी ।जिसके चार भाग प्रकाशित हुए थे, जिन्हें अंग्रेजों ने प्रतिबंधित कर दिया था।



सेवा सदन विद्या मंदिर हिरनखेड़ा उस दौर का एकमात्र ऐसा इंटरमीडिएट विद्यालय था, जिसमें आवासीय सुविधा के अलावा सेमेस्टर सिस्टम, कठोर अनुशासन, पौष्टिक भोजन-(रोटी बनने के बाद उन्हें शुद्ध घी में आधा घंटा डुबोकर रखने के बाद फिर विद्यार्थियों को परोसा जाता था), उच्च गुणवत्ता युक्त शैक्षणिक प्रणाली इत्यादि अनेक विशेषताएं होती थी। यहां के पढ़ें विद्यार्थी स्वाधीनता के बाद देश के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हुए जिनमें पूर्व केंद्रीय संचार मंत्री बृजलाल वर्मा से लेकर मुख्य महाधिवक्ता आदि व्यक्तित्व रहे। तत्कालीन समय में अंग्रेजों के विरुद्ध चलाए जाने वाले विभिन्न क्रांतिकारी अभियानों में दादा इसी आवासीय विद्यालय में अपने साथियों के साथ बैठकें कर योजना बनाते थे, साथ ही अपनी साहित्यिक रचनाओं को भी दादा ने यहां रचित किया। जिनमें हिमकिरीटनी जैसी रचनाएं प्रमुख रही हैं। इस विद्यालय के संचालन में दादा के अलावा उनके तीनों लघु भ्राता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रामलाल चतुर्वेदी जी स्कूल प्रबंधन देखते थे

हरिप्रसाद चतुर्वेदी जी अध्यापन का कार्य देखते थे? क्षेत्र में पंडित जी की एक गरिमामय छवि थी ।उन्हें हिरनखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्र में बगीचे वाले पंडित जी के नाम से जाना जाता था। विद्यालय चलता रहा दादा ने अपने छोटे भाइयों को विभिन्न जिम्मेदारियां देकर स्वतंत्रता संग्राम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रवास करने लगे। यह विद्यालय जिस जगह पर था उस स्थान को आज भी स्वराज के नाम से जाना जाता है, जिले की एकमात्र सबसे बड़ी जल संरचना वाला गौ उत्पत्ति तालाब के सामने यह विद्यालय हुआ करता था इस विद्यालय के आसपास का रमणीक और प्राकृतिक वातावरण अद्भुत था? आज भी उस स्थान पर दादा का बनाया हुआ कुआं मौजूद हैं जिसका मीठा जल आवासीय विद्यालय में उपयोग में लाया जाता था,स्कूल के आस-पास दादा के लगाए आम के पेड़ उनकी यादें आज भी जीवंत करते हैं हिरनखेड़ा में दादा से जुड़ी अनेक यादें आज भी जीवंत हैं ?।

## भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर पाठशाला के बच्चों को खिलाए गए गेम

**सिरोंज दोपहर मेट्रो।**



श्री 1008 आदिनाथ भगवान के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में अखिल भारतवर्षीय दिव्य देषना महिला परिषद एंव श्री निर्णय सागर जी पाठषाला द्वारा पालना झूलाया गया। इस मौके पर पाठषाला के बच्चों को हाऊजी सहित अनेको गेम खिलाए गए। वही द्वितीय दिन भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में कु. रीत जैन,प्रिंयम जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही श्रतु जैन ने द्वितीय एंव आदि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ सीनियर वर्ग में श्रीमति रानी जैन ने प्रथम,माधुरी जैन ने द्वितीय,श्रीमति मंजू जैन ने तृतीय स्थान और श्रीमति प्रीति बांझल को विषेष स्थान दिया गया। वही उक्त प्रतियोगिता को निर्णायक श्रीमति नम्रता जैन सैनानी एंव ज्योति बगरौदा रही। वही उन्होने बताया कि यह कार्य्रक्रम आगामी महावीर जंयती तक मनाए जाएगें।



# माँ महामाई माता मंदिर में मनाया फाग लोकोत्सव

## पूर्व मंत्री स्वा.लक्ष्मीकांत शर्मा ने हमारे क्षेत्र को एक नई पहचान दी है जिसमे माँ महामाई का दरबार साक्षात उदाहरण -उमाकान्त शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को माँ महामाई माता मंदिर के प्राँगण में राजस्थानी लोकगीत एवँ प्रारम्परिक नृत्य की धूम रही। फाग लोकोत्सव आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान से यहाँ पहुँची कलाकरो की टीम ने नगाड़े, नाल ,पुंगी, खंजरी, हारमोनियम जैसे देशी बाद्ययंत्रों पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक भजनों की प्रस्तुति दी। तो वही इस दल में राजस्थानी वेशभूषा में शामिल महिला कलाकारों ने पनियारी, बंजारा-बंजारी, नागिन, तालबेलिया घूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर समाँ बांध दिया। फाग लोकोत्सव समिति के सदस्य अशोक रावल ने कहा कि मैया के दरबार के पास हम विगत अनेक वर्षो से हमारी समिति के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों की लोक कलाओं का आयोजन बधाई स्वरूप तो करवाते ही है साथ ही हमारी समाज के लोग अपनी संस्कृति से भी तो जुड़े इसके लिए भी समिति लगातर प्रयासरत रहती है। पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने हमारे क्षेत्र को एक नई पहचान दी है जिसमे माँ महामाई का दरबार साक्षात उदाहरण है। इस मोहक पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने सभी कलाकारों का पटका एवं पुष्पमालाओं से सम्मान भी किया। इस मौके पर उन्होंने कभी राजस्थान के टोंक का हिस्सा रहे सिरोंज के राजस्थान से जुड़े संबंधों का न केवल हवाला दिया बल्कि राजस्थान मेबाड की धरती पर जन्म लेकर राष्ट्र केवम सनातन की रक्षा में अपना योगदान देने वाले राणा सांगा,महाराणा प्रताप सहित राजस्थान की रक्षा में शहीद हुए उनको स्मरण करते हुए आयोजन में सहभागिता की। इस आ सर पर परंजख रूप से रमेश यादव, अवतार सिंह रघुवंशी,सचिन शर्मा, मनीष चैरसिया आदि के साथ सैकड़ो की सँख्या में ग्रामींण क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।

### लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# कांग्रेस उम्मीदवार गुड्डू राजा आशीर्वाद लेने पहुंचे मां महामाई की शरण





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्र भूषण सिंह बुंदेला उर्फ गड्डू राजा ने सिरोंज में अपने चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन किया। वही कार्यालय का उद्घाटन होते ही कांग्रेस नेताओं में गुटबाजी नजर आई। इस कार्यक्रम का संचालन और चुनाव संचालन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आपस में कोई बात नही बनी। कार्यक्रम में यह देखा गया कि मुस्लिम कार्यकर्ता और नेताओ की उपेक्षा की गई और काग्रेंस प्रत्याशी के पहले ही कार्यक्रम में कार्यक्रम फेल होता नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्र भूषणसिंह बुदेला, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंषी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित सिंह रघुवंषी ,जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वैभव भारद्धाज, जिला प्रभारी अमित शर्मा विषेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में इतनी लंबी भाषण बाजी हुई कि अनेको कार्यकर्ता बोर होकर कार्यक्रम से उठकर चलें गए।**

### कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय की हुई उपेक्षा

कांग्रेस प्रत्याषी चन्द्र भूषण सिंह बुंदेला एक दिन पूर्व ही रात्रि में ही सिरोंज आ गए थें। लेकिन कुछ चुनिंदा नेताओ के बीच में फसे होने के कारण और रमजान के पवित्र माह में वह किसी भी मुस्लिम नेता या कार्यकर्ता से मिलने नही पहुचें। जबकि कुछ चुनिंदा नेताओं के घर जरूर गए थें। इसी तरह उद्घाटन कार्यक्रम में मंच संचालक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेष यादव द्वारा मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा की गई। मंच संचालक द्वारा एक भी बार किसी मुस्लिम नेता का नाम नही लिया गया। जैसे कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनीस भाई, केषर खान, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरषाद गौरी, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतीक मंसूरी, युवा कांग्रेस के प्रदेष सहसचिव सैफू खान, अल्पसंख्यक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जुनैद खान की उपेक्षा के साथ मुस्लिम नेताओं में यह चर्चा भी रही कि रमजान के पवित्र माह में जुमे के दिन ही नमाज के समय कार्यक्रम क्यों रखा गया। यह कार्यक्रम का समय आगे पीछे भी हो सकता था। वही कांग्रेस के दिग्गज मुस्लिम नेताओं का कार्यक्रम में नही पहुचना नगर में जनचर्चा का विषय बना रहा।

### मोर्चा संगठनो की भी हुई उपेक्षा

लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस बडी नाजुक स्थिति से गुजर रही है। सिरोंज-लटेरी विधानसभा में देखा जाए तो कांग्रेस कार्यकर्ता की एक अच्छी भूमिका रहती है लेकिन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस,एनएसयूआई,कांग्रेस सेवा दल,महिला कांग्रेस एंव अन्य संगठनो को भी दूर रखा गया। इन सभी संगठनो को एक करने के लिए जिला कांग्रेस कमेठी के निर्देषन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को संगठित करना था। जो कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नही कर पाई। कार्यक्रम में जिला प्रभारी अमित शर्मा को लेकर कार्यकर्ताओ में हुई विषेष कानाफूसी वर्तमान की कांग्रेस की स्थिति को देखा जाए तो प्रतिदिन कांग्रेस के दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हो रहें है।

### उद्योग स्थापित का रोजगार देना होगी मेरी प्राथमिकता

कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभूषण गुड्डू राजा बुंदेला ने कहा कि हम हवा में बात करने वाले लोग नहीं है हमें जमीन पर काम करना आता है जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिलेगा और हम इन झूठो को बता देंगे कि काम कैसे होता है क्षेत्र के हर एक युवा को रोजगार देने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं हम क्षेत्र में उद्योग स्थापित करेंगे जिससे कि हमारे युवा साथियों को रोजगार मिल सके एमएसपी लागू करने का राहुल गांधी जी ने वादा कर दिया है उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बिना डरे बिना रुके बूथ स्तर पर कार्य करने का आवहान करते हुए कहा कि यह केवल लोकसभा चुनाव नहीं है यह संविधान को बचाने किसानो की मजदूरों की प्रतिष्ठा का सवाल है क्योंकि इन्होंने हर एक वर्ग की आवाज को कुचलने का काम किया है इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का जवाब आगामी लोकसभा चुनाव में हर एक मतदाता निडर होकर देगा।

### डंके की चोट पर कहता हूं कि काम कैसा होता है आकर देख लेना

कांग्रेस के काद्यावर नेता पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भाजपा वाले झूठ और नफरत की राजनीति करते हैं इसके अलावा इन्हें कुछ नहीं आता जो भी सांसद रहे हैं उन्होंने क्षेत्र के लिए क्या दिया यह हमें समझना होगा और काम कैसे किया जाता है यह देखना है तो मेरे क्षेत्र में आकर देखिए कांग्रेस की सरकार में हमने उद्योग स्थापित किए हैं जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिला है यह भाजपा वाले तो बस हवा में बात करते हैं फिलहाल बोल रहे हैं 400 पार मैं कहना चाहता हूं यह सपना मत देखना क्योंकि आपने आम जनता के साथ बहुत बड़ा छल किया है आज पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भगवान भरोसे है शिक्षा को मजाक बना कर रख दिया महंगाई में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए जनता सब देख रही है।

### महामाई माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला ने महामाई माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया साथ ही बुंदेला दर्शन करने के लिए मनशा पूरण हनुमान मंदिर भी पहुंचे तीर्थ दर्शन के पश्चात कांग्रेस प्रत्याशी ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभूषण गुड्डू राजा बुंदेला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चारों ओर भ्रष्टाचार व्याप्त है उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को घमंड हो गया है वह जनता का सम्मान नहीं करते उन्हें इस बात का अहंकार हो गया है कि हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता और उनके नेता खुलेआम भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं मैं पूछना चाहता हूं उन भाजपाइयों से इस क्षेत्र की भोली भाली जनता को चुनाव के समय तो बड़े वादे करके लुभाया लेकिन वोट लेने के बाद जनता को दिया क्या कुछ नहीं दिया आज जनता पानी के लिए परेशान है रोजगार के लिए परेशान है किसानों को सही उपज का दम नहीं मिल रहा और यह गारंटी देते हैं बुंदेला ने कहा कि क्या हुआ 2 करोड़ रोजगार की गारंटी का, क्या हुआ उस वादे का जो बहनों से किया था कि 3000 देंगे, किसानों को गेहूं का दाम 2700 देंगे मोदी जी आपकी हर गारंटी फेल है

# साहू समाज ने हर्ष उल्लास से मनाई मां कर्मा देवी जयंती



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को साहू समाज जनों के द्वारा मां कर्म देवी की जयंती बड़े उत्सर्व्पूर्वक मनाई गई सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इसी क्रम में कठाली बाजार स्थित श्री बिहारी जी के मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर विधि विधान से पूजा अर्चना करके मनाई हवन पूर्णाहुति , आरती के बाद प्रसादी वितरण की गई वहीं साहू समाज के वरिष्ठ बनवारी लाल साहू ,नारायण दास साहू ,हरिशंकर साहू आशाराम साहू, चंद्र प्रकाश साहू, समाज अध्यक्ष पंकज साहू दिनकर के द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा गत वर्ष उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राएं ऐसी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अंकित साहू द्वारा किया गया तथा महिलाओं द्वारा सुंदर भजनों का आनंद लिया एवं रंग गुलाल तथा फूलों की होली भी खेली गई एवं शिशु मंदिर रोड स्थित साहू धर्मशाला मैं दोपहर से देर रात्रि तक भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की इस दौरान बलिराम साहू , पप्पू साहू, रामबाबू साहू रूसल्लीघाट रामकिशन साहू ,ओमप्रकाश साहू,, अंकित साहू, पहलवान साहू ,प्रमोद साहू ,रामबाबू साहू आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

### वक्फ कमेटी ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

# अवैध संपत्ति पर कब्जा करने वाले से मुक्त करवाने की मांग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को वक्फ कमेटी तहसील के द्वारा एसडीएम हर्षल चैधरी को वक्फ संपत्तियां प्राचीन व पुराने धार्मिक स्थानों की साफ सफाई के साथ कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल आदि निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन देते हुए तहसील अध्यक्षा वाजिद कुरैशी ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि जितनी स्थान पर वक्फ की संपत्तियां है उन सब की जांच करवा कर अवैध रूप से कब्जा करने वालों से इन्हें मुक्त करवाया जाए कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके इन पर कॉलोनी काटने से लेकर खेती करके संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन संपत्तियों को मुक्त करवाया जाए और सरकारी नियमों के अनुसार नीलामी कराकर उक्त की जमीन को दिया जाए। इसके अलावा कब्रिस्तानों की बाउंड्री वालों का निर्माण करवाया जाए बाब फखरुद्दीन की मजार पर साफ सफाई पानी की व्यवस्था के साथ यहां पर एक चैकीदार तैनात किया जाए इसके अलावा अन्य धर्मिक स्थलों की भी साफ सफाई के साथ उचित इंतजाम किए जाएं जिससे कि यहां पर आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े कुछ लोगों के द्वारा गंदगी करने का काम भी कब्रिस्तानों के आसपास किया जाता है ऐसा करने वालों पर भी कार्रवाई की जाए इसके अलावा उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के प्रयासों से फखरुद्दीन साहब की पहाड़ी, मौला अली साहब की पहाड़ी पर और ईदगाह व नगर के कब्रिस्तान की बाउंड्री बाल का कार्य लाखों रुपए की लागत से कराया गया था जो अब देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा है। इस दौरान वाहिद खान गोरी, नदी मंसूरी, शब्बू गोरी, वाजिद मैकेनिक, हामिद मेवाती, हसीन खान, अशरफ खान,जफर खान आदि लोग मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### एसडीएम ने उपार्जन केंद्रों का लिया जाएगा, पक्षपात किया तो होगी सीधी टर्मिनेट की कार्रवाई

# सर्वेयरों को दी सख्त हिदायत, केंद्र बढ़ाने कलेक्टर को लिखेंगे पत्र



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को समर्थन मूल्य केदो का जायजा लेने के लिए एसडीएम हर्षल चैधरी पहुंचे उन्होंने एफ ए क्यू नाम पर किसानों परेशान करने तथा के समर्थन मूल्य केंद्र पर धर्म कांटे से तोल कराकर किसानों से पैसे लेकर खरीदने की शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने सियलपुर समिति प्रबंधक और खरीदी प्रभारी को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी केंद्रों पर मौजूद कांटे पर बोरी टू बोरी तोल होनी चाहिए अतिरिक्त उपज भी ना तोली जाए नियमों के विपरीत कहीं भी काम किया एवं किसानों से किसी भी तरह से अवैध वसूली की गई तो बर्दाश्त नहीं करेंगे इसके अलावा अधिकांश समर्थन मूल्य केदो पर सर्वेयरों के समय पर नहीं पहुंचते हैं तथा फसल पास करने के नाम पर वसूली का धंधा भी कई जगह किया जा रहा है किसानों ने सर्वेयरों पर पक्षपात पूर्ण कार्य करने के आरोप भी लगाएं जिस पर एसडीएम ने कहा कि किसी भी किसान को एफ ए क्यू पास करने के नाम पर परेशान किया गया और शिकायत मिलती है तो सीधी हटाने की कार्रवाई की जाएगी इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसानों को उपज बेचने में असुविधा का सामना न करना पड़े गुणवत्ता के नाम के अनुसार ही खरीदी की जाए नियमों का पालन नहीं करने वालों को छोड़ेंगे।

### केंद्र बढ़ाने लिखेंगे पत्र -

विकासखंड में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर ,सरसों खरीदने के लिए पिछले वर्ष 13 केंद्र थे पर इस बार शासन के द्वारा केवल चार केन्द्र ही बनाए गए हैं कई क्षेत्रों में एक भी खरीदने केंद्र नहीं होने से किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र बनवाने के लिए कृषकों के द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। एसडीएम ने किसानों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जिन क्षेत्रों में केंद्र नहीं है वहां पर केंद्र स्थापित करने की मांग की जाएगी यदि कलेक्टर से मंजूरी मिल जाएगी तो केंद्र बढ़ाने पर किसानों को उपज तुलवाने में परेशानी नहीं होगी।

### फसल पास करने के नाम पर चल रहा है खेल

विकासखंड में समर्थन मूल्य पर खरीदारी का कार्य प्रारंभ हो गया है गेहूं खरीदने के लिए 18 केंद्र तो चना, मसूर, सरसों खरीदने के लिए इस बार केवल चार केंद्र बनाए गए हैं। इस कारण से किसानों को परेशानी हो रही है दूसरी ओर किसने की उपज पास करने के नाम पर अवैध वसूली करने का काम भी कई सर्वयरों के द्वारा किया जा रहा है। पिछले दिनों तहसीलदार संजय चैरसिया के द्वारा किए गए निरीक्षण में पिपलिया के केंद्र पर किसानों के साथ पक्षपात करने का मामला सामने आया था जिसके बाद तहसीलदार ने फटकार लगाते हुए सर्वेयर से किसान की उपज को पास करवा कर तोल करवाई थी इसी तरह की स्थिति अधिकांश केंदो पर होती। किसान ने पैसे मांगने की शिकायत भी की थी हर साल इसी तरह का कार्य अधिकांश सर्वेयरों के द्वारा करके फसल पास करने के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जाती है। ऐसा करने वालों पर इस बार कितनी ठोस कार्रवाई की जाएगी या फिर किसानों को पैसे देकर ही अपनी उपज पास करवानी पड़ेगी दूसरी और दलाल किस्म के किसानों पर भी प्रशासन को ध्यान देना होगा।

### वेयरहाउस पर भूसा होने 2 दिन का दिया अल्टीमेटम

जिन वेयरहाउसों पर समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी की जा रही है, वहां पर यदि भूसे का परिवहन किया जा रहा है तो तत्काल उसको हटा ले वही अन्नपूर्णा वेयरहाउस पर भूसा रखा होने पर एसडीएम ने चेतावनी पत्र जारी करते हुए 2 दिन के अंदर यहां से भूसा हटाने अन्यथा हमारे द्वारा सीधी कार्रवाई की जाएगी इसके संबंध में वेयरहाउस संचालक को दो दिनों का अल्टीमेटम भी दिया गया है। यदि इसके बाद भी भूस रख पाया जाता है तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी इसके संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है ।उन्होंने बताया कि जहां पर सरकारी खरीदी हो रही है वहां पर नियम वृद्धि कम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। पहले भूसे में आग लगने की की घटना भी हो चुकी है फिर भी जिम्मेदार सीख

### इनका कहना है -

*चना, मसूर, सरसों खरीदने के लिए केंद्र कम होने पर केंद्र बढ़ाने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखेंगे सभी सर्वेयरों को कड़े निर्देश दिए किसी भी किसान को परेशान किया तो सीधी हटाने की कार्रवाई करेंगे अन्नपूर्णा वेयरहाउस पर भूस रखा होने पर दो दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी नहीं हटाया तो हम कार्रवाई करेंगे।*

**हर्षल चौधरी** एसडीएम सिरोंज।

आईपीएल: 19वां मुकाबला आज राजस्थान रॉयल्स व रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच

# जयपुर में बेंगलुरु ने अजेय राजस्थान को ऑलआउट किया था; आज यहीं मुकाबला

**जयपुर, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन का 19वां मुकाबला आज राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम 7.30 बजे शुरू होगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। जयपुर में पिछले साल जब दोनों टीमें भिड़ी थीं तो होम टीम 59 रन पर ऑलआउट हो गई थी। राजस्थान ने इस सीजन तीनों मैच जीते हैं। दूसरी ओर बेंगलुरु को 4 में से 3 मुकाबलों में हार मिली है।

## हेड टु हेड में बेंगलुरु आगे

राजस्थान और बेंगलुरु के बीच आईपीएल में 30 मैच खेले गए। 12 में राजस्थान और 15 में बेंगलुरु को जीत मिली। दोनों के बीच 3 मैच बेनतीजा भी रहे। जयपुर में दोनों टीमों के बीच 8 मैच खेले गए, दोनों को 4-4 में जीत मिलीं। पिछले साल दोनों के बीच जयपुर में लीग स्टेज का 59वां मैच खेला गया था। ऋष्ठकने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 171 रन बनाए थे। राजस्थान की टीम 59 रन ही बनाकर ऑलआउट हो गई थी।




## कोहली सीजन के टॉप स्कोरर

बेंगलुरु का इस सीजन खराब फॉर्म जारी है। टीम चार में से केवल एक मैच ही जीत सकी है। ऋष्ठको पहले मैच में चेन्नई ने हराया। दूसरे मैच में बेंगलुरु ने पंजाब को हराया। टीम को तीसरे मैच में कोलकाता और चौथे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। स्टार बैटर विराट कोहली इस सीजन टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 4 मैच में 203 रन बनाए हैं। बॉलिंग में ग्लेन मैक्सवेल टॉप पर हैं। उन्होंने चार मुकाबलों में चार विकेट लिए हैं। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आमतौर पर बैटर्स और बॉलर्स दोनों के लिए मददगार साबित होती है। मैच के शुरुआती ओवर्स में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। इस स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 54 मैच खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 20 और बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 34 मैच जीते हैं।

## पराग सीजन के दूसरे टॉप स्कोरर

राजस्थान ने सीजन की शुरुआत लखनऊ सुपर जायंट्स (रुस्र) को हराकर की थी। दूसरे मुकाबले में टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन और तीसरे मैच में 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से मात दी। मिडिल ऑर्डर बैटर रियान पराग इस सीजन टीम के टॉप और लीग के दूसरे टॉप स्कोरर हैं। उनसे आगे विराट कोहली (203 रन) हैं। पराग ने 3 मैचों में 181 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दिल्ली के खिलाफ नाबाद 84 रन की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 6 विकेट झटके हैं।

टीम के साथ प्रैक्टिस की

# सूर्यकुमार मुंबई इंडियंस के कैंप से जुड़े, एमआई का अगला मुकाबला 7 को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस (एमआई) के बैटर सूर्यकुमार यादव आईपीएल में टीम के लिए खेलने के लिए तैयार हैं। यादव नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब करने के बाद अब स्ह्व के कैप से जुड़ चुके हैं। सूर्या ने टीम के साथ प्रैक्टिस भी की। फिटनेस प्रॉब्लम के कारण सूर्या शुरुआती तीन मैच नहीं खेल सके थे। सूर्या ने इसी साल जनवरी में जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी कराई थी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रोइन इंजरी की सर्जरी कराई, जिसके बाद वे बेंगलुरु स्थित एनसीए में रिहैब से गुजर रहे थे। मुंबई अपना अगला मुकाबला 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े में खेलेगी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्या के खेलने पर संशय बना हुआ है। सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में अब तक खेले 1×9 मैचों में 14×.×2 की स्ट्राइक रेट से ×249 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेले 16 मैचों में 4×.21 की औसत से 605 रन बनाए थे।

## साउथ अफ्रीका दौरे पर टी-20 में हुए थे चोटिल

सूर्या साउथ अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर में खेले गए टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। उनके ग्राउंड से बाहर जाने के बाद उप कप्तान रवींद्र जडेजा ने टीम की कप्तानी संभाली थी, तब से वे मैदान से दूर थे।

## मुंबई को सीजन में एक भी जीत नहीं मिली

मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में सीजन की शुरुआत ठीक नहीं मिली। उसे अब तक खेले तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले उसे गुजरात के खिलाफ अहमदाबाद और सनराइजर्स के खिलाफ हैदराबाद में हार का सामना करना पड़ा। आखिरी मुकाबले में टीम को घर यानी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से हराया।

# एमएस धोनी और दिनेश कार्तिक समेत पांच दिग्गज खिलाड़ी नहीं होंगे आईपीएल 2025 का हिस्सा

**कोलकाता, एजेंसी**

पिछले दिनों महेन्द्र सिंह धोनी की जगह ऋतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने. वहीं, ऐसा माना जा रहा है कि कैप्टन कूल संभवतः आखिरी सीजन खेल रहे हैं. चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी तकरीबन 43 साल के हो चुके हैं. पिछले दिनों ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की कप्तानी संभाली. वहीं, ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल 2024 माही का आखिरी सीजन है।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. वहीं, यह साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज तकरीबन 40 साल का हो चुका है. लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 सीजन में फाफ डु प्लेसी नहीं दिखेंगे. आरसीबी के बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का



फॉर्म मिला-जुला रहा है. पंजाब किंग्स के खिलाफ दिनेश कार्तिक ने शानदार फिनिश किया था, लेकिन उसके बाद लगातार फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं. लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि 39 बरस के दिनेश कार्तिक आईपीएल 2025 में नहीं खेलेंगे। मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर पीयूष चावला 35 बरस के हैं, लेकिन इस खिलाड़ी की फिटनेस को देखते हुए माना जा रहा है कि वह



आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे. पीयूष चावला आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में एक हैं. पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन लंबे वक्त से भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं. इसके अलावा शिखर धवन आईपीएल में लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि 38 साल के शिखर धवन आईपीएल 2025 में नहीं खेल पाएंगे।

# पंत को फिर होना पड़ सकता है क्रिकेट से दूर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत पर आईपीएल के मैच से बैन होने का खतरा मंडरा रहा है। वह अब तक सिर्फ सिर्फ 4 मैचों में ही दो बार गलती कर चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग का कारवां अभी शुरू ही हुआ है कि ऋषभ पंत पर आईपीएल के एक मैच से बैन होने का खतरा मंडराने लगा है। आपको बता दें कि स्लो ओवर रेट की वजह से पंत पहले ही दो बार फाइन झेल चुके हैं और अब तक उनपर 36 लाख का जुर्माना लग चुका है। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के मैच नंबर 13 में जब दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरी तो टीम ने सीजन की पहली जीत तो हासिल कर ली लेकिन कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना लग गया। इसके बाद पंत ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ



फिर से गलती दोहराई और इस बार उनपर 24 लाख का और प्लेइंग 11 और इंपैक्ट प्लेयर पर 6 लाख या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा। दिल्ली ने इस सीजन में अभी सिर्फ 4 मैच खेले हैं और सिर्फ एक में जीत मिली है और दो में उनके कप्तान पर जुर्मान लग चुका है। ऐसे में बचे हुए 10 मैचों में पंत पर बैन का खतरा बना रहेगा। आईपीएल में 20 ओवर फेंकने के लिए गेंदबाजी करने वाली टीम को पूरे 90 मिनट मिलते हैं, जिसमें 5 मिनट टाइम आउट का भी शामिल होता है। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम एक घंटे में 14 ओवर पूरे नहीं करती हैं तो बचे हुए ओवर्स के लिए 30 यार्ड सर्कल के बाहर एक खिलाड़ी को तैनात कर दिया जाता है। इसके बावजूद भी अगर टीम 20 ओवर 90 मिनट के भीतर पूरे नहीं कर पाती है तो टीम के कप्तान पर 12 लाख का और प्लेइंग 11 के साथ इम्पैक्ट खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

## एक गलती और हो जाएंगे ऋषभ पंत बैन

गलती दोहराई जाने पर कप्तान पर 24 लाख और प्लेइंग 11 के साथ इम्पैक्ट खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। अगर एक ही सीजन में कप्तान से तीसरी बार गलती होती है तो उस पर एक मैच का बैन लग सकता है। ऋषभ पंत दो बार गलती कर चुके हैं और अगर तीसरी बार गलती हुई तो उन्हें एक मैच का बैन झेलना होगा।

जर्मन ओपन स्क्वश

# भारतीय खिलाड़ी ने इंग्लैंड के खिलाड़ी पार्कर को हराया

**हैम्बर्ग, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने दूसरे दौर में आठवीं वरीय इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर की चुनौती खत्म की। सेंथिल कुमार ने 50 हजार अमरीकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले पीएसए वर्ल्ड टूर ब्रांज स्पर्धा के दूसरे दौर में अपने से उच्च रैंकिंग वाले पार्कर को 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से हराया। दुनिया के 59वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी का क्वार्टरफाइनल में सामना मलेशिया के चौथी वरीय इयान यो एनजी से होगा। सेंथिल ने अंतिम आठ में जगह बनाने के बाद कहा कि वह अच्छी लय में चल रहे हैं।



## मेट्रो बाजार

# विस्तारा एयरलाइंस: मई तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विस्तारा एयरलाइंस में पायलट्स की कमी का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ दिनों से एयरलाइंस को अपनी कई उड़ानों को रद्द करना पड़ा था। इस बीच, विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने मई तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई हैं। कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा एयरलाइंस पर खासा दिखाई दे रहा है। बीते बुधवार को कंपनी के पदाधिकारियों और पायलट्स के बीच वर्चुअल बैठक हुई थी।

गौरतलब है कि पिछले चार दिनों में विस्तारा एयरलाइंस द्वारा 100 से अधिक उड़ाने रद्द कर दी गई हैं। डीजीसीए ने उड़ाने के रद्द और देरी पर एक दैनिक रिपोर्ट देने के लिए कहा था। इस बीच, विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने उम्मीद जताई है कि मई महीनें तक परिचालन सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पायलट्स के बढ़े रोस्टर के कारण उड़ान में बाधा आई। एक साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि हम इस तरह के व्यवधानों के लिए यात्रियों से माफी मांगते हैं। आखिरी मिनट में उड़ान उद्द होने पर चिंता का कोई कारण नहीं है। विस्तारा





स्थिति को सामान्य करने पर जोर दे रहा है और ये काफी तेजी से हो रहा है। विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन का कहना है कि पायलट्स द्वारा उठाई गई चिंताओं की समीक्षा और चर्चा की जा रही है। एजेंसी को दिए साक्षात्कार में विस्तारा एयरलाइंस के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि आखिरी समय पर उड़ानें रद्द करने की आवश्यकता इस सप्ताह के बाद नहीं होगी, क्योंकि समस्या को धीरे-धीरे सुलझाया जा रहा है। पायलट्स के लिए बफर स्थिति स्थिर हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां तक उड़ानों को लेकर सवाल है कि तो हम सामान्य स्थिति में आ गए हैं।

# यूपीआई से एटीएम में जमा कर सकेंगे पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यूपीआई को लेकर एक ब?ा ऐलान किया है. शक्तिकांत दास ने कहा है कि अब यूपीआई सिस्टम से एटीएम में पैसा भी जमा किया जा सकेगा. यूपीआई की इस सुविधा से ग्राहकों को बहुत आराम हो जाएगा. इससे कहीं पैसा भेजने में ग्राहकों के समय की बचत होगी. फिलहाल आपको कैश ले जाकर मशीन में डालना पड़ता है और पूरी प्रक्रिया करने के बाद ही पैसा किसी अकाउंट में ट्रांसफर होता है. गवर्नर शक्तिकांत दास ने आरबीआई की मोनेट्री पॉलिसी कमेटी ने ब्याज दरों को स्थिर रखने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय बैंक ने यूपीआई के जरिए कैश डिपॉजिट की अनुमति दे दी है. उन्होंने कहा कि फिलहाल एटीएम से कार्डलेस




कैश विथड्रॉल किया जा सकता है. फिलहाल कई यूजर्स एटीएम में पैसा जमा करने के लिए कैश के साथ ही डेबिट कार्ड का इस्तेमाल भी कर रहे हैं. इन कैश डिपॉजिट मशीनों ने बैंक कर्मचारियों का काम घटाने में बड़ी मदद की है. इससे बैंक में लगने वाली लंबी कतारें भी कम हुई हैं. इसलिए हमने इस सेवा में और विस्तार करने का फैसला किया है. आरबीआई गवर्नर के बताया कि एटीएम में यूपीआई के जरिए पैसा जमा करने के दिशानिर्देश जल्द जारी कर दिए जाएंगे. शक्तिकांत दास ने बताया कि फिलहाल प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स से यूपीआई पेमेंट सिर्फ पीपीआई जारीकर्ता के वेब या मोबाइल एप का इस्तेमाल करके ही किया जा सकता है। अब पीपीआई वॉलेट से यूपीआई पेमेंट करने के लिए थर्ड पार्टी यूपीआई एप के इस्तेमाल की मंजूरी देने का प्रस्ताव है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# डायरेक्टर देव पटेल की तारीफों के पुल बांधे सिकंदर ने, बोले- उनके जैसा कोई नहीं क्योंकि...

बॉलीवुड सिकंदर खेर ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया है. अब वो हॉलीवुड फिल्म 'मंकी मैन' में भी नजर आएंगे और इस फिल्म का निर्देशन देव पटेल ने किया है. देव पटेल भारतीय मूल के हैं लेकिन ब्रिटिश एक्टर, डायरेक्टर और स्क्रीनराइटर हैं. 'स्लमडॉग मिलियनेयर' में पहली बार नजर आए देव पटेल हॉलीवुड का जाना-माना नाम हैं. फिल्म 'मंकी मैन' के प्रीमियर पर सिकंदर खेर ने देव पटेल की तारीफ की है. दरअसल, सिकंदर खेर इस समय अपनी पहली हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर मंकी मैन के प्रीमियर में भाग लेने के लिए अमेरिका गए हैं. इस फिल्म का डायरेक्शन भारतीय मूल के ब्रिटिश एक्टर-फिल्ममेकर देव पटेल कर रहे हैं. फिल्म को लेकर खेर ने कहा कि वह उनके करियर के सबसे अच्छे डायरेक्टर्स में से एक हैं, जिनके साथ वह काम कर रहे हैं.

**फिल्म मंकी मैन के प्रीमियर पर पहुंचे सिकंदर खेर:** फिल्म मंकी मैन का प्रीमियर क्रूमैन के चाइनीज थिएटर में होने वाला है और इसके बाद यह 5 अप्रैल को अमेरिका में रिलीज होगी. एक्टर इस ग्रैंड इवेंट के लिए स्टार-स्टडेड कलाकारों में शामिल होंगे. फिल्म के बारे में आईएएनएस से बात करते हुए सिकंदर ने बताया कि उन्होंने 10



साल पहले फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था. उन्होंने कहा, फिल्म आखिरकार रिलीज हो रही है, यह कड़ी मेहनत का नतीजा है. एक्टर ने आगे कहा, मैंने इस पार्ट के लिए 10 साल पहले ऑडिशन दिया था और अब इसके प्रीमियर के लिए लॉस एंजिल्स में हूं. एक्टर ने फिल्ममेकर की तारीफ की. खेर ने कहा, देव मजेदार और मजाकिया स्वभाव के इंसान हैं, जो सेट पर उनके काम में झलकता है. वह यकीनन उन बेस्ट डायरेक्टर्स में से एक हैं जिनके साथ मैंने अपने अब तक के करियर में काम किया है. उनके पास शानदार विजन है.

# 48 की उम्र में शादी करेंगी सुष्मिता!



सुष्मिता सेन ने शादी को लेकर बड़ा खुलासा किया है, एक्ट्रेस ने अपने एक्स के बारे में भी खुलकर बात की। बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस सुष्मिता पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चे में रहती हैं। कई बार एक्ट्रेस से शादी को लेकर सवाल किए जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी शादी और एक्स बॉयफ्रेंड को लेकर बात की। सुष्मिता सेन ने शादी करने के सवाल पर बात करते हुए कहा कि वो हमेशा से इसके लिए तैयार हैं। एक्स के साथ अपनी दोस्ती का खुलासा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा दोस्ती में मर्यादा रखना बहुत जरूरी है।

## शादी के लिए रखी ये शर्त

एक्ट्रेस का नाम कभी ललित मोदी तो कई बार रोहमन शॉल के साथ जुड़ता है। 48 साल की एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने अपनी शादी को लेकर बात की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने शादी के बाद अपने एक्स बॉयफ्रेंड के साथ रिश्ता रखने पर भी बात की। एक्ट्रेस ने शादी के बारे में बात करते हुए कहा कि, बायोलॉजिकल क्लॉक हो या सोसायटी के मापदंड, ये कभी भी शादी करने का सही कारण नहीं होता है। जहां तक मेरा सवाल है, अगर सामने वाला सही है और मेरे लिए सही है, तो जरुर मैं शादी के बंधन में बंधन जाऊंगी।

# लिगामेंट टूटने के बाद दिव्यांका ने की थी 'अदृश्यम' की शूटिंग

टीवी अभिनेत्रियों के बीच दिव्यांका त्रिपाठी अपनी एक अलग पहचान रखती हैं। वे टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। अपने अभिनय के दम पर उन्होंने अपना नाम कमाया है। दिव्यांका अपनी वेब सीरीज अदृश्यम- द इनविजिबल हीरोज के कारण चर्चा में हैं। दिव्यांका टीवी में कमाल करने के बाद अब ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनके प्रशंसक भी इसके लिए खासे बेताब नजर आ रहे हैं। इन दिनों वे वेब सीरीज 'अदृश्यम- द इनविजिबल हीरोज' के प्रचार में व्यस्त हैं। वे इसका जमकर प्रचार कर रही हैं। हाल ही में, सीरीज के प्रचार के लिए दिव्यांका को जुहू बीच पर भी देखा गया। दिव्यांका त्रिपाठी ने प्रचार से जुड़े पलों को अपने कैमरे में कैद किया और उसकी रील बनाकर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया। उनकी रील में कुछ विदेशी प्रशंसक भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा उनका साक्षात्कार लेने वाले लोगों की टीम भी दिखाई दे रही है।

## एक्ट्रेस ने शूट से पहले कराई थी सर्जरी

वेब सीरीज की शूटिंग से पहले दिव्यांका को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। उनका लिगामेंट टूट चुका था। उन्होंने शूट से पहले अपनी सर्जरी कराई थी, जिससे आगे कोई परेशानी न हो। दिव्यांका के लिए अपने आप को शूटिंग के लिए तैयार करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। सर्जरी के बाद हालत सामान्य होने में काफी समय लगता है।



## उम्मीद है कि हम अपनी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे

अपनी रील के कैप्शन में दिव्यांका ने लिखा, लोग इसे प्रचार कहते हैं, लेकिन मेरे लिए यह खास पलों का हिस्सा बनने के लिए आपको निमंत्रण है। उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा कि अदृश्यम 11 अप्रैल को रिलीज हो रही है। सीरीज के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे लिखा कि हर साक्षात्कार के बाद मुझे एहसास होता है कि मेरा यह काम कितना अविश्वसनीय है। मुझे उम्मीद है कि हम अपनी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। उन्होंने वेब सीरीज को बढ़िया प्रतिक्रिया देने के लिए मीडिया समूहों को धन्यवाद भी दिया।

# आईजी इंटेलिजेंस बोले- सिकलीगरों के मामले में जांच जारी है, हथियारों को मैच कर एक्शन लिया जाएगा



**एमपी में नक्सली और सिकलीगर सिंडिकेट की जांच में जुटी सुरक्षा एजेंसियां, एनआईए की रेड के बाद एटीएस, एसटीएफ और इंटेलिजेंस हुए अलर्ट नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने के मामले में पुलिस की पड़ताल जारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में नक्सली एंकाउंटर के बाद सिकलीगर एंगल पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. पुलिस सिकलीगर और नक्सलियों के सिंडिकेट के मामले में अलर्ट हो गई है. एनआईए के छापेमारी के बाद इंटेलिजेंस, एटीएस और एसटीएफ जांच कर रही है. नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने के मामले में पुलिस की जांच जारी है, वहीं आईजी इंटेलिजेंस डा. आशीष ने पुष्टि की है कि सिकलीगरों के मामले की जांच चल रही है. नक्सलियों से बरामद हथियारों को भी सिकलीगरों के हथियारों के मैच कराया जाएगा. इसके पीछे की वजह है कि बालाघाट में मारे गए नक्सलियों से पास से बरामद राकेट लाउंचर के गोले मिले हैं। पिछले दिनों एनआईन ने बड़वानी, धार और कई अन्य जिलों में छापेमारी की थी. जिस दौरान सिकलीगरों के ठिकानों से एनआईए को राकेट लाउंजर के गोले मिले थे. इसके बाद नक्सलियों के पास मिले हथियारों को भी मैच कराया जाएगा. आईजी इंटेलिजेंस डा. आशीष ने बताया कि पहली बार नक्सलियों के पास राकेट लाउंचर के गोले मिले हैं. आशंका है कि नक्सलियों को सिकलीगरों ने ही सप्लाई थी कि क्योंकि जांच एजेंसियों ने राज्य सरकार को रिपोर्ट दी थी कि नक्सलियों को आसानी से हथियार एमपी के सिकलीगरों से मिल रहे हैं. दूसरे देशों की जगह देश के भीतर ही आसानी से हथियार नक्सलियों तक सप्लाई हो रहे हैं. आईजी इंटेलिजेंस ने बताया कि नक्सलियों के पास एके-47 जैसे बैन हथियार मिले हैं. यहां हथियार सिर्फ पैरा फोर्सेस को दिए जाते हैं. जांच इस मामले की भी सुरक्षा एजेंसियां कर रही है कि आखिर बैन आर्मस नक्सलियों तक कैसे पहुंच रहे हैं।

### कई राज्यों तक सिकलीगरों के हथियारों की सप्लाई

एमपी के आधा दर्जन जिले हैं, यहां पर सिकलीगर समुदाय अवैध रूप से हथियार बनाते हैं. पूर्व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सिकलीगर समुदाय अंग्रेजों के जमाने से हथियार बनाते आ रहे हैं. इसके बाद अवैध रूप से हथियार पीढ़ी दर पीढ़ी बनाते आ रहे हैं. यह समुदाय हथियार बनाने में एक्सपर्ट माने जाते हैं. इसलिए आसानी से हथियार बनाकर मध्य प्रदेश से दूसरे तस्करों के जरिए हथियार सप्लाई करते हैं. पंजाब. हरियाणा, यूपी और बिहार के अलावा महाराष्ट्र , बंगाल तक हथियार सिकलीगर भेजते हैं. एसटीएफ ने डेढ़ साल पहले कार्रवाई करते हुए खुलासा किया था कि सिकलीगर और दूसरे राज्यों के तस्कर एमपी को ट्रांजिट प्वाइंट बनाकर हथियारों का काला कारोबार करते हैं।

### ग्लाक, आटोमैटिक व मोडिफाइड हथियारों को बनाने में एक्सपर्ट

गन बनाने वाली फैक्ट्रियों से बेहतर सिकलीगर ग्लाक, आटोमैटिक और मोडिफाइट हथियार बनाने में एक्सपर्ट हैं. यही कारण है कि पापुलर सिंगर की हत्या में डिमांड के मुताबिक सिकलीगरों से हथियार बनाए थे. इन्हीं के हथियारों से मूसेवाला की हत्या की थी. वहीं खालिस्तान समर्थकों को भी हथियार सप्लाई कर चुके हैं. एनआईए ने यह रिपोर्ट भी मध्य प्रदेश के डीजीपी की दी थी. पंजाब के तत्कालीन डीजीपी भी एमपी सरकार को पत्र लिखकर सिकलीगरों के अवैध हथियार बनाने के ठिकानों पर एक्शन लेने के लिए कहा था, इसके बाद धार, खरगोन भी सैकड़ों हथियारों को पुलिस से जब्त किया था।

---

**तीन दिन कमरे में बंधक बनाकर रखा, की मारपीट, रुपए लौटाने पत्नी पर बना रहे थे दबाव**

# भाई ने नौकरी के नाम पर लिए सवा 4 लाख तो छात्रों ने बंधक बनाकर की अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मिसरोद स्थिति सिक्यौरिटी एजेंसी में काम करने वाले एक युवक को दो छात्रों ने इंद्रपुरी में बंधक बना लिया। आरोपी तीन दिन से उसे बंधक बनाकर कमरे में रखे हुएड़थे और पत्नी के मोबाइल पर कॉल कर अपने रुपए वापस मांगने का दबाव बना रहे थे। आरोपी कह रहे थे कि यदि उनका रुपए नहीं लौटाया तो वह बिहार ले जाकर उसकी किडनी और शरीर के अन्य अंग बेच देंगे। महिला ने घटना की शिकायत मिसरोद पुलिस को दी थी। मिसरोद पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए और तत्काल गुमशुदगी दर्ज करते हुए आरोपियों की लोकेशन निकालकर युवक को सकुशल बरामद कर लिया। घटनास्थल पिपलानी का होने के कारण केस डायरी और आरोपियों को मिसरोद पुलिस ने पिपलानी पुलिस को सौंप दिया है। अब आगे की कार्रवाई पिपलानी पुलिस द्वारा की जा रही है।

सब इंस्पेक्टर प्रेमचंद द्विवेदी ने बताया कि ज्योति तोमर शीतल हाइट मिसरोद में रहती है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति अनिल सिंह तोमर सिक्यौरिटी एजेंसी में काम करते हैं और गत 2 अप्रैल की सुबह से लापता है। उनके पास एक कॉल आया था। कॉल विभूति पांडे और पीयूष कुमार ने किया था। वह कह रहे थे कि उनके रुपए लौटाकर पति को ले जाना।

करीब तीन दिन बाद 5 अप्रैल को ज्योति ने मिसरोद थाने पहुंचकर पति की गुमशुदगी दर्ज कराईड़और दिवस ड्यूटी अधिकारी प्रेमचंद द्विवेदी को घटना की जानकारी दी। मामला अड़ीबाजी और बंधक बनाने साथ ही धमकी से जुड़ा होने के कारण एसआई द्विवेदी ने आरोपियों के नंबर पर कॉल नहीं किया। उन्हें पता था कि यदि आरोपियों को पता चल गया कि पुलिस तक बात पहुंच गई है तो वह फरार हो जाएगा। लिहाजा उन्होंने मोबाइल नंबर की टावर लोकेशन निकाली। टावर लोकेशन मकान नंबर 89ए, सोनागिरी की मिली और मिसरोद पुलिस की टीम ने मकान की घेराबंदी करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया और कमरे से अनिल को सकुशल बरामद कर लिया।

**बिहार ले जाकर किडनी बेचने की धमकी, पत्नी ने दर्ज कराई गुमशुदगी, मिसरोद पुलिस ने किया सकुशल बरामद**



### अनिल के भाई ने लिए थे रुपए

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई की आरोपी विभूति और पीयूष द्वारा इंदौर में रहने वाले अनिल के भाई को नौकरी के नाम 4 लाख 20 हजार रुपए दिए थे। रुपए लेने के बाद भी वह नौकरी नहीं दिला सका तो विभूति और पीयूष ने अपने रुपए वापस मांगे। रुपए नहीं देने पर उन्होंने अवधपुरी से अनिल सिंह तोमर को बाइक पर बिठाया। उन्होंने जोर जबरदस्ती नहीं की थी। वे कह रहे थे कि पैसों के बारे में बातचीत करना है। इसके बाद इंद्रपुरी स्थित मकान नंबर 89 ए में ले गए और बंधक बना लिया। ज्योति ने बताया कि उनका लेनदेन नहीं था फिर वह 1 लाख 47 हजार रुपए आरोपियों को लौटा चुकी है। बावजूद इसके आरोपियों ने उसके पति को बंधक बनाकर पीटा।

---

## सूने मकान से 80 हजार रुपए का माल हुआ चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थानांतर्गत दीप मोहिनी परिसर में रहने वाले आदिल ग्रेवाल के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब 80 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए। इधर दानिशकुंज कोलार रोड निवासी राजेंद्र सिंह के सूने मकान से चोर सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए नकदी समेत कुल 75 हजार का सामान चोरी कर ले गए। कटारा हिल्स थानांतर्गत ग्राम बगरौदा स्थित बिजली ट्रांसफार्मर से चोर आयल चोरी कर ले गए। चोरी गए आयल की कीमत तीस हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने बिजली विभाग के मोहन सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## होमगार्ड सैनिक की साइकिल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद स्थित खटलापुरा मंदिर के सामने खड़ी एक होमगार्ड सैनिक की कीमती सायकिल चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधराम साहू (55) चर्च रोड जहांगीराबाद में रहते हैं और होमगार्ड सैनिक हैं। बीती 18 मार्च की शाम करीब साड़े छह बजे वह अपने बेटे के साथ खटलापुरा मंदिर दर्शन करने गए थे। बेटा अपनी सायकिल लेकर गया था। उसने सायकिल मंदिर के सामने लॉक करके खड़ी कर दी और अंदर चला गया। करीब एक घंटे बाद पिता-पुत्र बाहर निकले तो सायकिल गायब हो चुकी थी। उसके बाद बेटा नौकरी के लिए बाहर चला गया और बुधराम त्यौहार और चुनावी ड्यूटी में व्यस्त हो गए। गुरुवार को उन्होंने थाने जाकर सायकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गई सायकिल की कीमत 16 हजार रुपए बताई गई है।

## बाइक चोरी के मामले में 9 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में पिछले नौ साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी अरशद कुरैशी ने अक्टूबर 2015 में पल्सर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाइक नहीं मिलने पर इस मामले में खात्मा लगा दिया गया था। बाद में अशोका गार्डन पुलिस ने वर्षी 2017 में उक्त बाइक बरामद की थी। बाइक चोरी के मामले में आरोपी लक्ष्मण पाल को गिरफ्तार किया गया था, जबकि उसका साथी पप्पू पाल फरार था। ऐशबाग पुलिस ने प्रकरण के फरार आरोपी पप्पू पाल निवासी करारिया जिला विदिशा को गिरफ्तार कर लिया है।

## हनुमानगंज में चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू कबाड़खाना के पास मौजूद एक युवक सस्ते दामों पर बाइक बेचने की बात कर रहा है, जो चोरी की हो सकती है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम विजय कुमार निवासी ग्राम बमुलिया दोराहा, थाना श्यामपुर जिला सीहोर बताया। उसके पास मौजूद बाइक के कागजात मांगने पर बताया कि कुछ दिनों पर पहले चाणक्यपुरी सीहोर से चोरी की थी। पुलिस ने उक्त बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## नजीराबाद: बाइक को कार ने मारी टक्कर, जेठ की मौत, बहू घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव बामोरा में कल शाम बाइक सवार जेठ बहू को कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने जेठ को मृत घोषित कर दिया। बहू को गंभीर चोट होने के कारण परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने कार चालक पर लापरवाही पूर्वक कार चलाने और एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। एएसआई बीए कटारे ने बताया कि इमरत सिंह गुर्जर (42) गांव रमगड़ा, तहसील बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। कल शुक्रवार शाम वह अपने छोटे भाई की पत्नी भागवती बाई को बाइक से लेकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। इस दौरान शाम करीब पांच बजे के आसपास नजीराबाद के गांव बामौरा में उनकी बाइक को तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से इमरत सिंह और उनकी बहू बाइक समेत सड़क पर गिरे थे। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोट आईड़थी और राहगीरों ने उन्हें बैरसिया सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाया था। वहां डॉक्टर ने इमरत सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## सवारी ऑटो से 65 हजार कीमत की अवैध शराब जब्त, चालक गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा पुलिस ने सवारी ऑटो में लादकर ले जाई जा रही 65 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में आटो चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक सवारी आटो में अवैध रूप से शराब लादकर लालघाटी की तरफ आने वाला है। सूचना के बाद सतर्क हुई पुलिस टीम ने संदेही आटो चालक को रोककर तलाशी ली तो शराब से भरे कार्टून मिले। पुलिस ने उक्त शराब और वारदात में प्रयुक्त आटो को जब्त कर लिया है। आरोपी आटो चालक दीपक रावत निवासी मल्टी बाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। वह पहले से आबकारी के एक मामले में फरार चल रहा था।

---

**मेट्रो एंकर** **एसटीएसएफ ने की कार्रवाई, एक ने वन अमले पर व दो ने चीतल पर दागी थी गोली**

# कूनो व बांधवगढ़ में दाखिल हुए तीन शिकारी धरे गए, एक के घर से जिलेटिन मिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव में सिस्टम को व्यस्त देख प्रदेश में शिकारी सक्रिय हो गए हैं। ये टाइगर रिजर्व में घात लगा शिकार कर रहे है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने ऐसे तीन शिकारियों को पकड़ा है। इनमें से एक कूनो नेशनल पार्क में बंदूक लेकर घूम रहा था तो दो शिकारी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गोली मारकर चीतलों का शिकार कर चुके हैं। इन्हीं में से शिकारी के घर विस्फोटक जिलेटिन भी मिला है।

**शिकार किया, मांस पकाया और खा भी गए:** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उमरिया कोर क्षेत्र में चीतलों को गोली मारने वाले दो शिकारी राघवेंद्र प्रताप व नत्थू बैगा को गिरफ्तार किया है। इन्हीं में से एक आरोपी के घर से विस्फोटक प्रदार्थ जिलेटिन बरामद हुआ है। शिकारियों ने एक सप्ताह पूर्व घटना को अंजाम दिया था। एसटीएसएफ के अधिकारियों के मुताबिक दोनों उमरिया जिले के बकेली के रहने वाले हैं। दोनों ने चीतलों का शिकार किया और मांस पकाकर खाया। शिकारियों के घर से वन्यप्राणियों के अवशेष मिले के साथ-साथ शिकार करने में व मांस पकाने में उपयोग किए जाने वाले औजार व बर्तन मिले हैं।

### कूनो में वन कर्मियों को देख आरोपी ने कर दिया था फायर



कूनो नेशनल पार्क में आरोपी रामसिंह वन्यप्राणियों का शिकार करने की मंशा से दाखिल हुआ था, उसके तार अन्य शिकारियों से भी जुड़े होने की आशंका हैं। कूनो में चीते हैं और इनमें से 2 चीते खुले जंगल में छोड़े गए हैं। इसी कूनो के जंगल में हथियार के साथ रामसिंह घूसा था, जब उसे वन कर्मियों ने देखा तो उसने फायर कर दिया था। अधिकारियों के मुताबिक गुना जिले के खेरीखता गांव के रहने वाले रामसिंह को 3 अप्रैल को स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने पकड़ा है। आरोपी रामसिंह मार्च महीने में कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अंदर कूना नदी के किनारे दिखा था। जब उसे अमले ने पकडऩे की कोशिश की तो उसने गोली चला दी और फरार हो गया था। उसके पास बन्दूक एवं विस्फोटक सामग्री थी। कूनो नेशनल पार्क में शिकारी पहले भी सक्रिय रहे हैं। अब तक ये किसी बड़े वन्यप्राणियों का तो शिकार नहीं कर सके हैं लेकिन पूर्व में चीतल व हिरण की मौत के मामले सामने आए हैं। जिनके शिकार के अंदेशे से इंकार नहीं किया जा सकता।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022